राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्ष- 11, अंक- 58 पृष्ठ - 08, नई दिल्ली, रविवार , 29 अगस्त 2021 , मूल्य रु. 1.50

## खबर एक नजर

### पूर्वी वायुसेना कमान में कमाण्डरों का सम्मेलन

नई दिल्ली, एजेंसी। एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया, पीवीएसएम एवीएसएम वीएम एडीसी, वायु सेना प्रमुख ने पूर्वी वायुसेना कमान के कमांडरों के सम्मेलन के लिए दिनांक 26 से 27 अगस्त 2021 तक शिलांग में मुख्यालय पूर्वी वायु कमान (ईएसी) का दौरा किया। आगमन पर उनका स्वागत एयर मार्शल अमित देव एवीएसएम वीएसएम एडीसी, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी वायुसेना कमान द्वारा किया गया। दो दिवसीय सम्मेलन ने कमान के लिए निर्धारित अभियानगत लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की और युद्ध के दृष्टिकोण से तैयारी के समस्त आयामों अधिकतम स्तर पर ले जाने के तरीकों तथा साधनों पर चर्चा कर प्रकाश डाला। कमांडरों को संबोधित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने समग्र रणनीतिक परिप्रेक्ष्य में पूर्वी वायुसेना कमान के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पूर्वी क्षेत्र में उन्नत लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) समेत विभिन्न स्टेशनों पर क्षमता और बुनियादी ढांचे के निर्माण तथा मजबूती पर संतोष व्यक्त किया। वायुसेना प्रमुख ने कमांडरों से युवा वायु योद्धाओं को नई पीढ़ी के सिस्टम और हथियार प्लेटफार्मों का उपयोग करते हुए अपने असाइनमेंट के दौरान प्रशिक्षण तथा कौशल को उन्नत बनाने का आग्रह किया। उन्होंने एक मजबूत रखरखाव और प्रशासनिक सहायता प्रणाली द्वारा सपोर्ट किए गए अपने अभियानगत आउटपुट में सुधार के लिए पूर्वी वायुसेना कमान के सभी कर्मियों के निरंतर प्रयासों के योगदान की सराहना की।

### राजकोट में आयकर विभाग ने छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी। आयकर विभाग ने 24 को राजकोट स्थित एक समूह पर छापे मार कर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। यह समूह गुजरात के प्रमुख रियल एस्टेट बिल्डरों और डेवलपर्स में से है और सक्रिय रूप से राजकोट और उसके आसपास रियल एस्टेट, निर्माण और भूमि जमीन की बिक्री के व्यवसायों में लगा हुआ है। छापेमारी के दौरान 40 से अधिक परिसरों को शामिल किया था। तलाशी और जब्ती अभियान के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज, खुले पन्ने और डिजिटल साक्ष्य आदि जब्त किए गए, जो बेहिसाब लेनदेन में समूह के लिप्त होने का संकेत देते हैं। नियमित बही-खातों से अलग लेनदेन, बेहिसाब नकद खर्च, प्राप्त नकद, अग्रिम और नकद में भुगतान किए गए ब्याज के पर्याप्त सबूत मिले हैं। अचल संपत्ति परियोजनाओं-फ्लैट, दुकानों और भूमि सौदों में धन के नकद भुगतान के साक्ष्य भी मिले हैं। विभिन्न परियोजनाओं में कुल बेहिसाब नकद प्राप्तियां और पुष्ट साक्ष्यों के साथ लगभग 350 करोड़ रुपये का पता चला है। इसके अलावा, लगभग 154 करोड़ रुपये की भूमि खरीद से संबंधित साक्ष्य भी मिले हैं, जिनमें से 144 करोड़ रुपये का कथित तौर पर नकद भुगतान किया गया। कुल मिला कर, तलाशी और जब्ती अभियान के परिणामस्वरूप विभिन्न मूल्यांकन वर्षों के दौरान 300 करोड़ रुपये से अधिक की आय को छुपाने का पता चला है, जिसके और अधिक होने की संभावना है। विभिन्न परिसरों से 6.40 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और 1.70 करोड़ रुपए राशि के आभूषण जब्त किए गए हैं। इसके अलावा 4 करोड़ रुपये के वचन पत्र भी बरामद कर जब्त किए हैं। तलाशी अभियान के दौरान 25 लॉकर मिले हैं जिन्हें निषेधाज्ञा के तहत रखा गया है। तलाशी अभियान अब भी जारी है।

### संविधान का निर्माण- ई-फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की आजादी के 75 साल के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत सूचना और प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न पहलुओं पर पूरे वर्ष के लिए ई-फोटो प्रदर्शनियों की एक श्रृंखला शुरू कर रहा है। इनमें से पहली ई-फोटो प्रदर्शनी ह्यसंविधान का निर्माणह्व पर है। इस वर्चुअल प्रदर्शनी का उद्घाटन आज नई दिल्ली में किया गया। इस ई-फोटो प्रदर्शनी में संविधान के निर्माण को दशार्या है जिसके साथ-साथ लगभग 30 दुर्लभ चित्र भी प्रस्तुत किए गए हैं। इसमें अनेक वीडियो एवं भाषणों के लिंक भी हैं जो आकाशवाणी के अभिलेखागार और फिल्म प्रभाग से लिए गए हैं। इस ई-फोटो प्रदर्शनी में संविधान सभा के गठन से लेकर संविधान को अपनाने और आखिर में भारत के प्रथम गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने तक की पूरी यात्रा को बखूबी दशार्या गया है।

### कोरोना के नए मामले 46 हजार के पार , मौत के आंकड़े भी बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी। केरल की वजह से भारत का कोरोना ग्राफ अब बढ़ता जा रहा है। भारत में शनिवार को कोरोना वायरस के करीब 47 हजार नए मामले सामने आए और बीते 24 घंटे में 509 लोगों की जान चली गई। बताया गया है कि सिर्फ केरल में कल 32801 नए मामले मिले और 179 लोगों की मौत हो गई। सिर्फ राहत की बात इतनी है कि भारत कोरोना टीकाकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है और शुक्रवार को एक दिन में एक करोड़ से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक, भारत में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस के 46,759 नए केस मिले और 509 लोगों की मौत हुई। इस दौरान कोरोना से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या नए मिले मरीजों से काफी कम है। बीते 24 घंटे में कोरोना से 31,374 लोग ठीक हुए। इस तरह से भारत में अब तक 3,26,49,947 कोरोना के केस मिल चुके हैं, जिनमें एक्टिव केसों की संख्या 3,59,775 है। भारत में कोरोना वायरस से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 4,37,370 हो गया है और इससे स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या 3,18,52,802 है। गौरतलब है कि शनिवार की तुलना में शुक्रवार को काफी कम कोरोना केस आए थे और जान गंवाने वाले लोगों की संख्या भी कम थी। फिलहाल, भारत में 62,29,89,134 लोगों को वैक्सीन लग चुकी है और बीते 24 घंटे में 1,03,35,290 कोरोना की वैक्सीन लगाई गई है। भारत में शुक्रवार को कोरोना के 44,658 नए मामले सामने आए थे। वहीं इस दौरान इस संक्रमण से 496 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, शुक्रवार को देश में जो 496 लोगों की मौत हुई, उनमें से केरल के 162 और महाराष्ट्र के 159 लोग थे। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी।

## जम्मू-कश्मीर में हो सकता है आतंकी हमला

### सीमा पार बढ़ी हलचल के बाद खुफिया एजेंसियों ने जारी किया अलर्ट



नई दिल्ली, एएनआइ। तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता पर बलपूर्वक कब्जा जमाने के बाद सीमापार आतंकियों की हलचल बढ़ गई है। खुफिया एजेंसियां इसे बड़े खतरे के तौर पर देख रही हैं। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक सीमा पार आतंकियों की गतिविधियों में बढ़ोतरी की सूचना मिलने के बाद देश की खुफिया एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए खुद को तैयार करने को लेकर राज्य की खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के साथ उक्त इनपुट साझा किया गया है।

अधिकारिक सूत्र ने बताया कि अगस्त के तीसरे हफ्ते के दौरान कंधार में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के नेताओं और तालिबान नेताओं के बीच एक बैठक हुई थी। इस बैठक के बारे में पता चलने के बाद सभी खुफिया एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में तालिबान नेताओं के एक समूह ने भाग लिया। इस बैठक में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने भारत-केंद्रित अभियानों में उनका समर्थन मांगा।

सूत्र बताते हैं कि बैठक में पाकिस्तान के मौजूदा राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हुई। अधिकारी ने कहा- हमने खुफिया एजेंसियों को सोशल मीडिया पर बारीक नजर रखने के निर्देश जारी किए हैं। हमें बीते 24 अगस्त को पाकिस्तान से दो आतंकियों की आवाजाही के बारे में खुफिया इनपुट मिला। ये आतंकी श्रीनगर में ग्रेनेड हमले की योजना बना रहे हैं।

सभी संबंधित एजेंसियों को आपस में सूचनाएं साझा करते रहने को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। मौजूदा वक्त में सभी राज्यों और केंद्र की आतंकवाद रोधी इकाइयों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

मालूम हो कि तालिबान के आतंकी 15 अगस्त को काबुल में दाखिल हुए थे जिससे नागरिक सरकार गिर गई थी। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के कब्जे के बाद अफगान लोगों में दहशत फैल गई थी। हजारों की संख्या में अफगान नागरिक देश छोड़ने के लिए काबुल एयरपोर्ट की ओर रवाना हुए थे। हजारों लोगों ने सीमा पार करके पड़ोसी मुल्कों का रुख किया। इसी बीच बीते गुरुवार को काबुल एयरपोर्ट के बाहर हजारों लोगों की भीड़ में सिलसिलेवार आत्मघाती बम धमाके हुए थे। इन आतंकी हमलों में 13 अमेरिकी सैनिकों और कम से कम 169 अफगान नागरिकों की मौत हो गई थी।

गौर करने वाली बात यह है कि काबुल एयरपोर्ट के बाहर हुए सीरियल ब्लास्ट से पहले अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया समेत तमाम मुल्कों ने इस तरह के बड़े हमले का अलर्ट जारी किया था।

## राहुल गांधी का तंज, बीजेपी की कमाई 50 फीसदी बढ़ी आपकी कितनी


नई दिल्ली, एजेंसी। केन्द्र की मोदी सरकार और बीजेपी पर निशाना साधने का कोई भी मौका राहुल गांधी नहीं जाने देते हैं। इसी कड़ी में एडीआर रिपोर्ट को लेकर राहुल गांधी ने बीजेपी पर कटाक्ष किया है। राहुल गांधी ने लिखा है कि, बीजेपी की आय 50 फीसदी बढ़ गई, और आपकी।

गौरतलब है कि इन दिनों बीजेपी को मिलने वाले राजनीतिक चंदे काफी इजाफा हो गया है। इसकारण राहुल गांधी पार्टी पर कटाक्ष किया है।

दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) के जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार वित्तवर्ष 2019-20 में राजनीतिक दलों को 3429.56 करोड़ रुपये का चंदा मिला है। इसमें सिर्फ चार दल बीजेपी, कांग्रेस, टीएमसी और एनसीपी को 87.29 फीसदी कमाई की है। इसमें सिर्फ बीजेपी की आय 3,623 करोड रुपए रही। यानी बीजेपी ने वित्त वर्ष 2019-20 में 76 फीसदी कमाई की।

बता दें, ये बॉन्ड्स राजनीतिक दलों के लिए आय का सबसे बड़ा जरिया होते हैं। इस पार्टी अपने कार्यक्रमों में खर्च करती है। इसके अलावा, रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी को वित्त वर्ष 2019-20 में जितना इनकम हुआ उसकी तुलना में पार्टी ने 45.57 फीसदी खर्च किया। यानी भाजपा ने अपनी 3,623 हजार करोड़ की कमाई में से 1,651 करोड रुपए ही खर्च कर दिया। वहीं, कांग्रेस ने इस वित्त वर्ष में कुल 682.21 करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं कांग्रेस ने 998.15 करोड़ रुपए खर्च किया। यानी कांग्रेस पार्टी ने आय से 46.31 फीसदी अधिक खर्च किया। इधर, तृणमूल कांग्रेस ने वित्त वर्ष 2019-20 में 143.67 करोड़ रुपए आय अर्जित की और 107.27 करोड़ खर्च किए, जो कुल आय का 74.67 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा ने चुनावी बांड के जरिये दान के रूप में 2555 करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं, कांग्रेस ने 317.86 करोड़ रुपए अर्जित किया। जबकि, तृणमूल कांग्रेस ने 100.46 करोड़ रुपए और राकांपा ने 20.50 करोड़ रुपए प्राप्त किए।

## फारूक अब्दुल्ला ने कहा, घाटी से आतंकवाद शीघ्र समाप्त होगा, भरोसा रखिए



**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीर घाटी में आतंकवाद जल्द समाप्त होने की उम्मीद जाहिर की है। अब्दुल्ला ने एक कार्यक्रम के समापन के दौरान कहा, आतंकवाद शीघ्र समाप्त होगा, भरोसा रखिए। हमें बचे रहकर देश को बचाए रखना है। आतंकवाद के कारण जम्मू कश्मीर आने में लोगों में भय के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ह्यह्ययमराज हर कहीं है। उन्होंने कहा, यद्यपि जम्मू कश्मीर ह्यधरती पर स्वर्गह्व है, तब भी लोग इस क्षेत्र की यात्रा करने से डरते हैं। हिंसा और आतंकवाद के कारण उन्हें इसका इत्मिनान नहीं है, कि वे घर जिंदा वापस लौट भी पाएंगे अथवा नहीं। लेकिन मैं खुश हूं कि आप (आगंतुक) आए, आप ने यहां आने का निश्चय किया। जब आप वापस जाएं, तब आपने जो देखा उस अपने मित्रों को बताएं। अब्दुल्ला ने कहा कि वह एक नया भारत देखना चाहते हैं, ऐसा भारत जो सभी के लिए हो। भगवान न तो मंदिर में हैं और न ही मस्जिद में। भगवान, अल्लाह हम सब में हैं। यह हम सब की हार्दिक इच्छा है कि हम साथ रहें और साथ में तरक्की करें।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने कहा कि कोरोना ने अमेरिका जैसे देशों को तबाह कर दिया, लेकिन भारत गरीबी के बावजूद इससे अच्छे से निपटा। हमारे वैज्ञानिक और चिकित्सा समुदाय ने देश को गौरवान्वित किया। अब्दुल्ला ने कहा कि सोनमर्ग जैसी जगहों पर सुरंगों के निर्माण से लोगों के लिए सर्दियों में भी इसतरह के क्षेत्रों की यात्रा करने का मार्ग प्रशस्त होगा और शीतकालीन खेलों के लिए मार्ग खुलेगा।

उन्होंने कहा, हम जम्मू-कश्मीर में कुछ अहम सुरंगों का निर्माण कर रहे हैं। इसका एक हिस्सा इन सर्दियों में खुलने जा रहा है।

यह लोगों के लिए सर्दियों में भी इस क्षेत्र की यात्रा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जो अब तक मुश्किल था। ये सुरंगें शीतकालीन खेलों के लिए भी अवसर पैदा करेंगी।

इससे हमें ओलंपिक में अपने पदकों की संख्या में सुधार करने में मदद मिल सकती है। कई छोटे देश हमसे ज्यादा पदक जीतते हैं। हमें सुरंगों की जरूरत है। ये न सिर्फ सर्दियों में यात्रा सभंव करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि हमारी सेना के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने इटली के प्रधानमंत्री से की फोन पर बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इटली के अपने समकक्ष मारियो द्राघी से बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान के मौजूदा हालात पर चर्चा की। पीएम मोदी ने अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वित प्रयास की जरूरत पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी से बात की। अफगानिस्तान के ताजा हालात पर समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता पर चर्चा की। हमने जी-20 में सहयोग और जलवायु परिवर्तन जैसे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की। बाद में प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने फोन पर हुई चर्चा के दौरान अफगानिस्तान की ताजा स्थिति और इससे विश्व और क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर विमर्श किया। पीएमओ के मुताबिक दोनों नेताओं ने काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए घातक आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और वहां फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पीएमओ के मुताबिक दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान के घटनाक्रमों से पैदा हुई परिस्थिति से जो मानवीय और सुरक्षा का संकट पैदा हुआ है, उसके समाधान के लिए जी-20 सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की जरूरत पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने जी-20 के एजेंडे से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जिसमें जलवायु परिवर्तन भी शामिल था। इस सिलसिले में दोनों नेताओं ने सीओपी-26 जैसे आगामी बहुपक्षीय सम्मेलनों के बारे में विचारों का आदान प्रदान किया। पीएमओ ने बताया कि मोदी ने इटली के जी-20 में चचाओं को सफलता के साथ आगे बढ़ाने के लिए उसके शानदार नेतृत्व की सराहना की।

## टेबल टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल पहुंचकर भाविना रचा इतिहास, मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोक्यो पैरालम्पिक की टेबल टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचने वाली भाविना बेन पटेल को बधाई देकर कहा कि पूरा देश उनकी सफलता के लिए दुआ कर रहा है। पीएम मोदी ने ट्वीट में कहा, बधाइयां भाविना पटेल। आपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पूरा देश आपकी सफलता के लिए प्रार्थना कर रहा है और कल वह आपकी हौसला बढ़ाएगा। आप बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें, आपकी उपलब्धियां पूरे देश को प्रेरित करती हैं।'

ज्ञात हो कि भाविना पैरालम्पिक टेबल टेनिस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने चीन की मियाओ झांग को क्लास 4वर्ग के कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। भाविना ने दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी को हराकर भारतीयों को चौंका दिया।

## शिवपाल ने कहा सपा में विलय को तैयार अभी इसका समय नहीं: अखिलेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी सपा में सम्मान के साथ विलय के लिए तैयार है। उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अभी इसका समय नहीं है। आने वाले समय में समझौता करेंगे। समाजवादी पार्टी उनका (शिवपाल यादव) पूरा सम्मान करेगी। शिवपाल यादव ने कहा कि हमने तो कई बार कहा है कि अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनें। सब को इक्ट्ठा कर लें, हम आशीर्वाद दे देंगे। अखिलेश यादव ने सैफई मे कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी विचारधारा वाले सभी दलों का सपा में स्वागत है। समाजवादी विचारधारा वाले दलों से ही गठबंधन किया जाएगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों को सबसे ज्यादा भाजपा सरकार में भी अपमानित किया गया है। देश को अन्न देने वाले किसानों को आतंकवादी तक कहा गया। जनता इसका जवाब चुनाव में देगी।

अखिलेश यादव ने गुरुवार को सैफई में हुए महान दल के कार्यक्रम की सराहना करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष केशवदेव मौर्य को बधाई दी। अखिलेश ने कहा, महान दल के नेताओं ने यहां आकर संकल्प लिया है कि उनके समाज को धोखा देने वालो को सबक सिखाएंगे। उन्होंने पिछड़ा वर्ग में 8 जातियों को शामिल किए जाने पर कहा कि सपा की मांग है कि सभी जातियों को उनकी आबादी के हिसाब से हक मिले। किसानों पर पुआल जलाने के दर्ज मुकदमे वापस लेने के सरकार के फैसले पर अखिलेश ने कहा कि लोगों का तन ढकने और पेट भरने वाला किसान जितना अपमानित बीजेपी सरकार में हुआ उतना पहले कभी नहीं हुआ।

## रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा, दुनियाभर में हो रहे बदलाव हमारे लिए चिंता का विषय



**चेन्नई, एजेंसी।** केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को तमिलनाडु के दौरे पर हैं। इस मौके पर राजनाथ ने कहा कि दुनियाभर में हो रहे बदलाव हमारे लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हालांकि, ये चुनौतीपूर्ण समय हमें अवसर भी प्रदान करता है, जिसका हमें लाभ उठाना चाहिए। राजनाथ ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा, सीमा विवाद और समुद्री प्रभुत्व के कारण दुनियाभर के देश अपनी सैन्य शक्ति के आधुनिकीकरण और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

बता दें कि शनिवार को चेन्नई में निगरानी पोत विग्रह को भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया है। इस दौरान सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे भी मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि सुरक्षा क्षमताओं में वृद्धि का परिणाम है कि 2008 के मुंबई हमले के बाद से समुद्री मार्ग से कोई आतंकवादी दुर्घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस पोत की कमीशनिंग हमारी तटीय रक्षा क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में हमारी लगातार बढ़ती आत्मनिर्भरता को दशार्ता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारा देश इन घटनाओं से अछूता नहीं रह सकता। यह हमारे जैसे देश पर अधिक लागू होता है। एक ऐसा देश होने के नाते जिसका हित सीधे हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है। रक्षा मंत्री ने कहा कि रिपोर्टस्बताती हैं कि अगले 1-2 साल में यानी 2023 तक दुनियाभर में सुरक्षा पर 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डालर तक खर्च पहुंच सकता है।

हालांकि, अधिकांश देशों के पास पूरे वर्ष के लिए इस स्तर का बजट भी नहीं है और अगले 5 वर्षों में इसके कई गुना बढ़ने की उम्मीद है।

## प्रधानमंत्री जन-धन योजना के 7 साल पूरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के सात साल पूरे हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के सात साल पूरे होने के अवसर पर शनिवार को कहा कि इस पहल ने ना सिर्फ भारत के विकास की गति को हमेशा के लिए बदल दिया है बल्कि इसने अनगिनत भारतीयों का वित्तीय समावेशन, सम्मान का जीवन और सशक्तीकरण सुनिश्चित किया है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, ह्यआज पीएम जन-धन योजना के सात साल हो रहे हैं।

एक ऐसी पहल जिसने भारत के विकास की गति को हमेशा के लिए बदल दिया। इस योजना ने वित्तीय समावेशन और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के साथ ही अनगिनत भारतीयों का सशक्तीकरण सुनिश्चित किया है। जन-धन योजना ने पारदर्शिता को मजबूत करने में भी मदद की है।

इस अवसर पर उन्होंने इस योजना को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों ने भारत के लोगों के जीवन को बेहतर बनाना सुनिश्चित किया है।

बता देंकि केंद्र सरकार द्वारा देश के नागरिकों तक बैंकिंग सुविधाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2014 में शुरू की गई पीएमजेडीवाई ने 28 अगस्त 2021 को सात वर्ष पूरे किये हैं।

## पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ दिल्ली प्रदेश ने गोष्ठी का आयोजन किया

» (एजेंसी)

नई दिल्ली । शनिवार को भारतीय मजदूर संघ, दिल्ली प्रदेश ने मालवीय भवन के सभागार में पर्यावरण संरक्षण एवम संवर्धन पर सेमिनार का आयोजन किया। इस आयोजन पर मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के राष्टीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण को बचाना लोगों की मूलभूत जरूरत है। इनके साथ दिल्ली प्रान्त पर्यावरण के संयोजक चंद्र प्रकाश जी, श्री चेलाइया, निदेशक, उद्यान, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, बी एम एस के पर्यावरण मंच के संयोजक बी एस भाटी रहे। इस गोष्ठी का संचालन प्रदेश के महामंत्री डॉ दीपेंदर चाहर और अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनीश मिश्रा ने की। भारतीय मजदूर संघ श्रीमती अमृता देवी की शहीदी दिवस पर 28 अगस्त को मनाया जाता है।








गैरतलब है कि सन 1730 में वृक्षों को बचाने के लिए अपनी पुत्रियों सहित शहादत देने वाली अमृता देवी के शहीदी दिवस पर इसे मनाया जाता है।


## रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने नई दिल्ली में 1,349.95 करोड़ रुपये की लागत से 14 एकीकृत पनडुब्बी रोधी युद्धक (अरह) रक्षा सूट (आईएडीएस) की खरीद के लिए महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध किया है।

एक भारतीय फर्म के साथ अनुबंध रक्षा खरीद की 'खरीदें और बनाएं (भारतीय)' श्रेणी के तहत भारत के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा है और प्रौद्योगिकी विकास और उत्पादन में स्वदेशी रक्षा उद्योग को एक बड़ा प्रोत्साहन प्रदान करता है। यह प्रणाली भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमता को बढ़ाएगी।

## खबर एक नजर

### अमेरिका ने कहा- कोरोना का रहस्य सुलझाने चीन करे मदद



वाशिंगटन, एजेंसी। बीते दिन चीन से ही कोरोना वायरस की उत्पति को लेकर जांच कर रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि फिलहाल उनकी जांच रुक गई है। इसी बीच यूएस इंटेलिजेंस कम्युनिटी ने कहा कि बिना चीन के सहयोग के कोरोना वायरस की उत्पत्ति का रहस्य नहीं सुलझाया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारियों ने एक बार फिर से चीन पर आरोप लगाया है कि उनको बिल्कुल भी भरोसा नहीं है कि कोरोना वायरस चीन की लैब से नहीं फैला है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि केवल चीन ही वायरस की वास्तविक उत्पत्ति के बारे में सवालों को हल करने में मदद कर सकता है। कोरोना की उत्पत्ति के निर्णायक आकलन तक पहुंचने के लिए चीन के सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता होगी। वहीं राष्ट्रपति जो बाइडन को इस मामले में एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिसमें उन्होंने जांच के आदेश देते हुए कहा कि अमेरिका इस वायरस की गुत्थी को सुलझाने के लिए चीन पर दबाव डालना जारी रखेंगे। साथ ही राष्ट्रपति ने कहा कि इस महामारी की उत्पत्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना में मौजूद है, फिर भी चीन में सरकारी अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय जांचकताओं का सहयोग नहीं किया है। इससे पहले भी अमेरिका कई बार चीन पर कोरोना वायरस फैलाने का आरोप लगा चुका है, जिसके चलते दोनों देशों के संबंधों में पहले ही खटास आ चुकी है। एक बार से अमेरिका ने चीन पर इस वायरस को लेकर आरोप लगाए हैं।

### उत्तरी नाइजीरिया- 24 घंटे में छात्रों के तीन समूहों को कैद से रिहा कराया

मिना, एजेंसी। उत्तरी नाइजीरिया के प्रशासन ने अपहरण किए गए छात्रों के तीन समूहों को 24 घंटे की अवधि में कैद से मुक्त किए जाने की जानकारी दी है, जिसके बाद अपहरणकताओं को छात्रों को छोड़ने के एवज में फिरौती वसूलने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। छात्रों के इन समूहों में नाइजीरिया में अपहृत अब तक के सबसे कम आयु के 90 बच्चों का समूह भी शामिल है, जिन्हें तीन महीने कैद में रखा गया। नाइजर राज्य की राजधानी मिना में इन छात्रों को लाए जाने के कई घंटों बाद जामफारा राज्य ने बताया कि वहां भी अपहृत 15 अन्य छात्रों को मुक्त या गया है। इसके बाद शुक्रवार देर रात कादुना राज्य में बंधकों को मुक्त किए जाने की सूचना मिली। नाइजीरिया की क्रिश्चियन एसोसिएशन की कडुना स्टेट शाखा के अध्यक्ष पादरी जोसेफ हयाब ने बताया कि जुलाई की शुरूआत में बाप्टिस्ट हाई स्कूल से अपहृत 32 और छात्रों को भी मुक्त कर दिया गया। इन छात्रों को ऐसे समय में रिहा गया है, गणना के अनुसार नाइजीरिया में दिसंबर से 1,000 से अधिक छात्रों का अपहरण किया गया है। स्कूलों से अपहरण के लिए पूर्वोत्तर में इस्लामी चरमपंथियों को दोषी ठहराया जा रहा था, लेकिन प्राधिकारियों ने केवल इतना कहा था कि फिरौती के लिए हाल में किए गए अपहरण के पीछे डाकुओं का हाथ है।

### महिला मरीज पर फिदा हुआ डॉक्टर, फिर पहुंचा जेल

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन का डॉक्टर अपनी मरीज की खूबसूरती पर इसकदर फिदा हुआ कि सब कुछ भूलकर उसके पीछे पड़ गया। डॉक्टर ने युवती को कुछ बेहद आपत्तिजनक संदेश भेंजे थे। इसके बाद पीड़िता ने मेडिकल प्रैक्टिशनर्स ट्रिब्यूनल से आरोपी की शिकायत की, जिसने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके प्रैक्टिस करने पर रोक लगा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी डॉक्टर का नाम नेनाड डोरडेविक है,वहां क्वीन मदर हॉस्पिटल से जुड़ा हुआ था। पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि वह घायल अवस्था में डॉक्टर डोरडेविक के पास गई थी। शुरूआत में डॉक्टर काफी सुलझा हुआ इंसान लगा, लेकिन कुछ ही देर में उसकी असलियत सामने आ गई। आरोपी ने पीड़िता से कहा कि वहां अभी जवान है और उस नई-नई चीजें आजमानी चाहिए। युवती के घाव की ड्रेसिंग करने के बाद डॉक्टर ने उससे ड्रिंक पर चलने के लिए पूछा,जिसका युवती ने कोई जवाब नहीं दिया।डॉक्टर की ये हरकतें देखकर पीड़िता दंग रह गई और तुरंत वहां से निकल गई। हालांकि, इसके बाद भी आरोपी ने उसका पीछा नहीं छोड़ा।डॉक्टर ने मेडिकल रिकॉर्ड से मरीज का फोन नंबर निकलकर मैसेज भेजने लगा, जिसमें से कुछ बेहद आपतिजनक थे। ट्रिब्यूनल ने डॉक्टर डोरडेविक पर लगे आरोपों को बेहद गंभीर माना है। ट्रिब्यूनल ने अपने फैसले में कहा कि डोरडेविक ने पेशे को बदनाम किया है, इसके लिए उन्हें सजा मिलनी ही चाहिए। वहीं, यह भी पता चला है कि डॉक्टर ने पहले भी कुछ महिलाओं के साथ ऐसा व्यवहार किया था।

### अमेरिकी राष्ट्रपति और इजराइली प्रधानमंत्री की आमने-सामने होगी बैठक

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और इजराइल के प्रधानमंत्री नेफ्टाली बेनेट आमने-सामने बैठक की लिए तैयार हैं। बताया जा रहा है कि इस दौरान बेनेट बाइडन पर ईरान के साथ परमाणु समझौते पर आगे नहीं बढ़ने का दबाव डालने वाले है। बेनेट ने वाशिंगटन पहुंचने से पहले स्पष्ट कर दिया था कि उनकी शीर्ष प्राथमिकता इस मामले पर बाइडन पर दबाव बनाने की है। उन्होंने कहा कि ईरान पहले ही यूरेनियम संर्वधन काफी बढ़ा चुका है और प्रतिबंधों में ढील ईरान को क्षेत्र में इजराइल के दुश्मनों का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त संसाधन प्रदान करेगी। इजराइली प्रधानमंत्री ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से अलग-अलग मुलाकात कर ईरान तथा अन्य मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली अमेरिकी यात्रा है।

### तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा, तालिबान ने काबुल हवाई अड्डे को संचालित करने का आग्रह किया

इस्तांबुल, एजेंसी। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा कि तालिबान ने तुर्की से काबुल हवाई अड्डे को संचालित करने का आग्रह किया है, लेकिन इसबारे में अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। राष्ट्रपति ने बोस्निया रवाना होने से पहले इस्तांबुल के अतातुर्क हवाई अड्डे पर कहा,तालिबान ने हमसे काबुल हवाई अड्डे का संचालन करने का आग्रह किया है। लेकिन हमने अभी तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है। हम प्रशासन (अफगानिस्तान में) के स्पष्ट होने के बाद निर्णय लेने वाले है। उन्होंने कहा कि काबुल में तुर्की दूतावास में तालिबान के साथ तीन घंटे से अधिक समय तक बैठक हुई। लेकिन उन्होंने नहीं बताया कि यह बैठक कब हुई। उन्होंने कहा, यदि आवश्यक हुआ, तो हमें फिर से ऐसी बैठकों का अवसर मिलेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि काबुल से तुर्की सैनिकों को निकालने की प्रक्रिया जारी है।

# अमेरिकी खुफिया संगठन बोले: कोविड-19 जैविक हथियार के तौर पर नहीं किया गया विकसित

- चीनी अधिकारियों को कोविड-19 संक्रमण फैलने से पहले इसके बारे में नहीं थी जानकारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की शीर्ष खुफिया एजेंसियों ने एक रिपोर्ट में घातक वायरस कोविड-19 को जैविक हथियार के रूप में विकसित करने की संभावना खारिज कर दिया है। गुप्तचर संगठनों ने कहा कि कोविड-19 सार्स-सीओवी2 जैविक हथियार के तौर पर ह्यविकसित नहींह्न किया गया। साथ ही राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यह आरोप दोहराया कि चीन इस वायरस की उत्पत्ति के बारे में सूचना को दबा रहा है तथा पारदर्शिता की अपीलों को ठुकरा रहा है। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने राष्ट्रपति के निर्देश पर तैयार की गई रिपोर्ट में कहा कि सार्स सीओवी-2 नवंबर 2019 के आसपास संभवतः शुरूआती स्तर पर छोटे पैमाने पर फैला और पहली बार संक्रमण के मामले दिसंबर 2019 में वुहान में सामने आए। बहरहाल कोरोना वायरस की उत्पत्ति पर खुफिया समुदाय के बीच कोई आम सहमति नहीं बनी। रिपोर्ट में कहा गया है, ह्यइस वायरस को जैविक हथियार के तौर पर विकसित नहीं किया गया। ज्यादातर एजेंसियों का यह भी आकलन है कि सार्स-सीओवी-2 की संभवतः आनुवंशिक रूप से उत्पत्ति नहीं हुई, हालांकि दो एजेंसियों का मानना है कि इस आकलन की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं है।

खुफिया समुदाय का यह भी मानना है कि चीन के अधिकारियों को कोविड-19 संक्रमण फैलने से पहले इसके बारे में पूर्व जानकारी नहीं थी। इसमें कहा गया है, ह्यसभी उपलब्ध खुफिया सूचना और अन्य जानकारी का आकलन करने के बाद खुफिया समुदाय अब भी कोविड-19 की उत्पत्ति को लेकर विभाजित है। सभी एजेंसियों का आकलन है कि दो चीजें हो सकती है। किसी संक्रमित पशु से संक्रमण फैलना और प्रयोगशाला से जुड़ी घटना से संक्रमण फैलना।' खुफिया समुदाय के कुछ लोगों का आकलन है कि सार्स-सीओवी-2 से संक्रमण का मामला प्रयोगशाला से जुड़ी घटना का नतीजा हो सकती है जिसमें संभवतः प्रयोग, जानवरों की देखभाल या वुहान विषाणु विज्ञान संस्थान द्वारा नमूना लेना शामिल हो सकता है।' इस बीच, रिपोर्ट मिलने की जानकारी देते हुए बाइडेन ने एक बयान में कहा कि उनका प्रशासन इस संक्रमण की जड़ तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास करेगा ताकि भविष्य में फिर से इसे होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

उन्होंने कहा कि इस महामारी की उत्पत्ति की अहम जानकारी चीन में है लेकिन 'शुरूआत से लेकर अब तक चीन में सरकारी अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय जांचकताओं और वैश्विक जन स्वास्थ्य समुदाय के सदस्यों को इसका पता लगाने से रोकने के लिए काम किया है।' बाइडेन ने आरोप लगाया कि अभी तक भी चीन पारदर्शिता की अपीलों को खारिज करता रहा है और सूचना को रोकता रहा है जबकि महामारी से मरने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ह्यदुनिया को जवाब मिलना चाहिए और मैं जवाब मिलने तक शांत नहीं बैठूंगा। जिम्मेदार देश बाकी दुनिया के प्रति इस तरह की जिम्मेदारियों से नहीं बचते। महामारियां अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की परवाह नहीं करती तथा हमें और महामारियों को रोकने के लिए यह समझना होगा कि कोविड-19 कैसे आया।

## टॉम क्रूज ने मिशन इंपॉसिबल-7 के लिए एक साल ली स्काई डाइविंग और बाइक जम्प की ट्रेनिंग

**लॉस एजेलिस, एजेंसी।** हॉलीवुड के प्रख्यात कलाकार टाम क्रूज ने फ्रेंचाइजी फिल्म सीरीज ह्यमिशन इम्पॉसिबलह्न के सातवें पार्ट के एक दृश्य के लिए एक साल से ज्यादा समय तक प्रैक्टिस की और इस दौरान 500 स्काई डाइविंग और 13,000 से अधिक मोटरबाइक जम्प किए। उल्लेखनी है कि हालीवुड अभिनेता टॉम क्रूज को अपने एक्शन खुद करने के लिए जाना जाता है। ह्यमिशन इम्पॉसिबल-7 के एक्शन भी वह खुद कर रहे हैं, और स्टंट को परफेक्ट करने के लिए उन्होंने इतनी कड़ी मेहनत की। टॉम क्रूज ने इस स्टंट को अब तक का सबसे खतरनाक स्टंट बताया है। मिशन इम्पॉसिबल 7 के इस सीन में वह मोटर बाइक से रैंप से एक क्लिफ में छलांग लगाते हैं और पैराशूट खुलने से पहले हवा में होते हैं। इस सीन की शूटिंग नॉर्वे में की गई है।

59 वर्षीय हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज ने इस स्टंट को एकदम परफेक्ट करने के लिए साल भर से भी ज्यादा समय तक प्रैक्टिस की थी। जिसमें 500 स्काई डाइविंग और 13,000 मोटरबाइक जम्प शामिल हैं। इस सीन को छह बार फिल्माया गया है। मिशन इम्पॉसिबल 7 का टॉम क्रूज का एक क्लिप पहले रिलीज हुआ था, जिसमें वह तेज रफ्तार ट्रेन के ऊपर एक्शन सीन करते नजर आ रहे थे। ह्यमिशन इम्पॉसिबल-7' को क्रिस्टोफर मैक्कवायर डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में टॉम क्रूज के अलावा विंग रेम्स, हेनरी जर्नी, साइमन पेग, रेबेका फर्गुयसन, वेनेसा किर्बी और हेले एटवेल हैं। टॉम क्रूज इस फ्रेंचाइजी में ईथन हंट का किरदार निभाते हैं।

## पिरामिड के नीचे 2000 साल पुराने फूलों का गुच्छा मिला

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** पुरातत्वविदों को मेक्सिको में टियाटिहुआकन पिरामिड के नीचे लगभग 2000 साल पुराने फूलों का गुच्छा मिला है।खोज करने वाले पुरातत्वविदों ने बताया कि टियोतिहुआकान के प्राचीन लोगों ने देवता को फूल चढ़ाने से पहले उसे अच्छे से सुंदर गुलदस्ते में लपेटा, उन्हें लकड़ी के एक झुरमुट के नीचे रखा और आग लगा दी। ऐसे में यह फूल हजारों साल तक बने रहने के लिए अच्छे से संरक्षित हो गया।

रिपोर्ट के अनुसार, पुरातत्वविदों ने इस फूल को मेक्सिको सिटी के उत्तर-पूर्व में स्थित प्राचीन शहर के पिरामिड के नीचे एक सुरंग में खोजा है।टियाटिहुआकन पिरामिड ह्यपंख वाले सर्प के मंदिरह्न का हिस्सा है, जिसे मेसोअमेरिका में पूजे जाने वाले नाग देवता क्वेटजालकोट के सम्मान में बनाया गया था। फूल मिलने वाले सुरंग की खुदाई का नेतृत्व मेक्सिको के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एंथ्रोपोलॉजी एंड हिस्ट्री के पुरातत्वविद् सर्जियो गोमेज-चावेज कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि पुरातत्वविदों को सुरंग के सबसे गहरे हिस्से में जमीन से 59 फीट (18 मीटर) नीचे गुलदस्ते मिले हैं। सर्जियो गोमेज-चावेज ने यह भी कहा कि गुलदस्ते के बगल में मिट्टी के बर्तनों के कई टुकड़े, वर्षा और उर्वरता से जुड़े देवता टाललोक को दर्शाने वाली एक मूर्ति के साथ पाए गए।



ताइवान स्ट्रेट को पार करता लीजेंड-क्लास यूएस कोस्ट गार्ड नेशनल सिक्योरिटी कटर मुनरो। अमेरिका ने यह कदम चीन के विरोध के बाद उठाया है।

## पाकिस्तान में घुसने का प्रयास कर रहे अफगानों पर पाक सेना ने बरसाई गोलियां, छह की मौत

**काबुल, एजेंसी।** पूर्वी नंगरहार प्रांत के तोरखम में तालिबान से डर कर भाग रहे अफगानिस्तान के लोगों पर पाकिस्तानी सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में छह अफगान नागरिक मारे गए हैं। तोखतम अफगानिस्तान का सीमाई शहर है, जहां से पाकिस्तान में प्रवेश करने के लिए बॉर्डर चेकपॉइंट बनाया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि हजारों की संख्या में अफगान नागरिकों को तेजी से अपनी तरफ आते देखकर पाकिस्तानी सैनिकों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में छह लोग मारे गए हैं।

तालिबान के जुल्मों-सितम से जान बचाने के लिए ये लोग पाकिस्तान में अवैध रूप से प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। गोलीबारी में छह अफगान नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य घायल हैं। अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत के अधिकारियों ने इस घटना पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं की है।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी सेना ने इसी माह 13 अगस्त को स्पिन बोल्डक बॉर्डर पर अफगान नागरिकों के ऊपर फायरिंग की थी। ये लोग कई महीनों ने पाकिस्तान में फंसे हुए हैं। कड़ी धूप में इंतजार कर रहे अफगान नागरिक की मौत के बाद भड़के लोगों को काबू में करने के लिए पाक सेना ने गोलियां चलाई थी।

पाकिस्तान अफगानिस्तान से आने वाले करीब 4,000 लोगों के ठहरने का इंतजाम किया है, जिनमें ज्यादातर अफगान नागरिक हैं। इन लोगों के एक सीमित अवधि के लिए पाकिस्तान में रोके जाने की व्यवस्था की गई है। अमेरिकी दूतावास ने पाकिस्तान सरकार से अफगानिस्तान से पूरी तरह से उनके सैनिकों की वापसी के लिए तय 31 अगस्त की समय सीमा से पहले निकासी के प्रयासों में मदद करने अनुरोध किया था।

## काबुल एयरपोर्ट की ओर न जाएं अमेरिकी नागरिक, अमेरिकी दूतावास ने जारी किया अगले हमले का अलर्ट

**काबुल, एजेंसी।** काबुल स्थित अमेरिकी दूतावास ने अफगानिस्तान में रह रहे अमेरिकी नागरिकों के लिए चेतावनी जारी करते हुए उन्हें काबुल एयरपोर्ट की ओर आने से बचने को कहा गया है। दूतावास ने अमेरिकी नागरिकों के लिए और संभावित हमलों की चेतावनी जारी करते हुए अब्बे गेट, पूर्वी गेट, उत्तरी गेट और न्यू मिनिस्ट्री ऑफ इंटीरियर गेट से दूर रहने का सुझाव दिया है।

इसके साथ ही अमेरिकी नागरिकों से सुरक्षा कारणों के चलते अफगानिस्तान की यात्रा नहीं करने के लिए कहा गया है। अमेरिकी दूतावास ने अपनी वेबसाइट पर बयान जारी कर कहा, काबुल एयरपोर्ट पर सुरक्षा के खतरे के चलते हम अमेरिकी नागरिकों को सलाह देते हैं कि वे एयरपोर्ट की यात्रा न करें और एयरपोर्ट के सभी



गेट्स से दूर रहें। दूतावास की यह एडवाइजरी अमेरिकी सेना की उस चेतावनी के बाद आई है जिसमें कहा गया था 31 अगस्त से पहले और हमलों की आशंका है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अफगानिस्तान से सैनिकों की वापसी के लिए 31 अगस्त की समयसीमा तय की है जिसे कई देश बढ़ाना चाहते हैं लेकिन तालिबान इस समयसीमा को कायम रखने पर जोर दे चुका है।

ह्वाइट हाउस के मुताबिक अमेरिका 14 अगस्त के बाद से करीब 105,000 लोगों को देश से बाहर निकाल चुका है और जुलाई के आखिर से करीब 110,600 लोगों को दूसरी जगह बसा चुका है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय का कहना है कि वह 1000 अमेरिकी नागरिकों को ट्रैक कर रहा है, जो संभवतः अब भी अफगानिस्तान में हैं। आईएसआईएस-के ने गुरुवार को काबुल एयरपोर्ट पर आत्मघाती हमले को अंजाम दिया था। इसमें 13 अमेरिकी सैनिक और करीब 170 लोग मारे गए थे।

इसकी प्रतिक्रिया में अमेरिकी सेना ने शनिवार को आतंकी संगठन आईएसआईएस-के ठिकाने को हवाई हमले में निशाना बनाया। अफगानिस्तान के नांगहार प्रांत में आतंकी संगठन आईएसआईएस (के) के ठिकानों को ड्रोन हमले के जरिए निशाना बनाया गया। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने भी इस हमले की पुष्टि की है।

## एक सौ से अधिक घातक हवाई हथियार तालिबान के हाथ लगे

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में तालिबान के काबिज होने के बाद काबुल में आंतकी धमाके के बाद अफरातफरी मची है।ऐसे में आतंकियों के हाथ कई घातक अमेरिकी हथियार लगे होने की खबर ने दुनिया की चिंताए बढ़ा दी हैं। इनमें 100 से अधिक मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम (मैनपाड्स) भी शामिल हैं।ये हथियार आसानी से किसी यात्री हवाई जहाज या फिर हेलिकॉप्टर को मार गिरा सकते हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि इन हथियारों को तालिबानी लड़ाके अपने कंधों पर उठाए कहीं से भी फायर कर सकते हैं। रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने चिंता जताते हुए कहा कि पहला और मुख्य खतरा यह है कि तालिबान को भारी मात्रा में हथियार मिले हैं। इनकी संख्या बहुत ज्यादा है।

शोइगु ने कहा कि इसमें सैकड़ों बख्तरबंद वाहन, हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं आपको बताता हूं कि इसमें अकेले सौ से अधिक मेनपाड्स शामिल हैं। इसे कोई भी कंट्रोल नहीं कर सकता है।

अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद करीब 28 बिलियन डॉलर के हथियारों को जब्त किया है। ये हथियार अमेरिका ने 2002 और 2017 के बीच अफगान बलों को दिया था। एक अधिकारी ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि जो हथियार नष्ट नहीं हुए हैं वे अब तालिबान के कब्जे में हैं। 1980 के दशक में जब सोवियत संघ ने अफगानिस्तान पर हमला किया था, तब ऐसे ही मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें खूब परेशान किया था। सोवियत सेना के पास तब एक से बढ़कर एक अटैक हेलिकॉप्टर थे। इनके जरिए सोवियत सेना अफगान मुजाहिदीनों पर हमले किया करती थी। इस बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने पाकिस्तान की मदद से कई मुजाहिदीनों को ऐसे ही मैनपैड्स दिए थे।

## महिला ने दिया 'एलियन' जैसे बच्चे को जन्म, देखते ही बाप ने सुनाया मौत का फरमान

**कंपाला, एजेंसी।** मां-बाप के लिए उसका बच्चा ही दुनिया में सबसे खूबसूरत होता है। अगर बच्चे को कोई बीमारी हो जाए तो उसके माता-पिता सबसे ज्यादा चिंतित हो जाते हैं। मां की ममता के साथ पिता की चिंता भी बच्चे के लिए उतनी ही अहम है। लेकिन अगर कोई पिता अपने बच्चे की बीमारी में उसका साथ छोड़ दे तो? अफ्रीका के युगांडा में रहने वाली एक महिला को उसके पति ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर उसे अपने पति का साथ चाहिए तो उसे बेटे को छोड़ना होगा। दरअसल, महिला ने एक अजीबोगरीब बच्चे को जन्म दिया है, जिसके कारण लोग उसे एलियन बोलते हैं। प्रसूति के बाद रवांडा की बजेनेजा को उसके पति ने छोड़ दिया है।

अब महिला अकेले ही अपने बेटे के इलाज के लिए पैसे जमा कर रही है। डॉक्टर भी बता नहीं पा रहे हैं कि आखिर उसके बेटे का ऐसा हाल कैसे हो गया? महिला ने ऑनलाइन अपनी दुःख भरी स्टोरी शेयर की है। उसने बताया कि उसे पति द्वारा अल्टीमेटम दिया गया है कि अगर उसने अपने बेटे को नहीं मारा तो वह उससे सारे रिश्ते तोड़ देगा। महिला ने बताया कि उसके पति को ऐसा लगता है कि उनका बेटा शैतान का रूप है।

बजेनेजा को उसके ससुराल वालों और पति ने अकेला छोड़ दिया है। इस वजह से महिला को अपना और अपने बेटे का पेट पालने में दिक्कत आ रही है। बजेनेजा ने जैसे ही अपने बेटे को जन्म दिया, उसके कुछ ही दिन बाद उसके पति ने उसे छोड़ दिया। दरअसल, उसके बच्चे का चेहरा अजीबोगरीब है। इस वजह से सभी बच्चे को एलियन कहते हैं। बजेनेजा ने बताया कि उसने पहले भी कई बच्चों को जन्म दिया है, लेकिन उसके किसी बच्चे का ऐसा हाल नहीं हुआ। डॉक्टर्स भी नहीं बता पा रहे हैं कि उसके बेटे का ऐसा हाल कैसे हो गया है?

बजेनेजा ने अपने बेटे को गांव से दूर जन्म दिया था। वहां से बेटे का चेहरा देख पति भाग निकला। महिला के पास इतने पैसे नहीं थे कि वो अपने गांव जा सके। इसके बाद जब उसने अपने पति को कॉल किया तो उसने साफ कह दिया कि अगर वो उसके साथ रहना चाहती है तो अपने बेटे को मारना पड़ेगा। महिला ने इससे इंकार कर अकेले अपने बेटे की देखभाल का फैसला किया।

## तालिबान ने इमामों से कहा, लोगों को बताएं कि कैसे सरकार के नियमों का पालन करना

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद तालिबान इस्लाम का भी अपने तरीके से इस्तेमाल करने लगा है। तालिबान ने देश के इमामों से कहा है कि वे शुक्रवार की नमाज के दौरान लोगों को बताएं कि कैसे सरकार के नियमों का पालन करना है। गुरुवार को काबुल हवाई अड्डे पर हुए आतंकी हमले में 95 लोगों की मौत होने के बाद तालिबान ने फैसला लिया है।इसके पहले तालिबान ने अफगानिस्तान के इमामों को आदेश दिया था कि वे शुक्रवार की नमाज के मौके पर हमारे खिलाफ आ रही रिपोर्ट्स को नजरअंदाज करते हुए सही जानकारी लोगों को दें। इसके अलावा तालिबान ने इमामों से अपील की थी कि वे लोगों को कहें कि अफगानिस्तान छोड़कर न जाएं।

तालिबान ने इमामों से कहा कि हमारे खिलाफ चल रहे निगेटिव प्रॉपेगेंडा का मुकाबला कर लोगों को देश छोड़ने से रोकें। दरअसल इनदिनों तालिबान अपनी छवि को बेहतर करने की कोशिशों में इमामों का भी इस्तेमाल करना चाहता है।

## महिला नसेड़ी को लगी सिगरेट की तलब, फ्लाइट में सफर के दौरान सिगरेट जलाकर पीने लगी

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** आपने सुना होगा कि कुछ लोगों में नशे और धूम्रपान की बड़ी तलब होती है कि वे उसके बिना नहीं रह पाते हैं। ऐसी ही एक घटना सामने आई है, जहां फ्लाइट में सफर करने के दौरान महिला को धूम्रपान की ऐसी तलब लगी कि उसने उड़ान के दौरान ही सिगरेट जलकर पीने लगी। फ्लाइट में सफर कर रहे शख्स ने महिला का धूम्रपान करते हुए वीडियो शूट कर लिया, जो वायरल हो गया। खबर के मुताबिक फ्लाइट में धूम्रपान की ये घटना फ्लोरिडा से आई है। फ्लाइट में महिला नसेड़ी ने सिगरेट को लाइटर से जलाया,इस दौरान साथ सफर कररहे अलेक्सा मजदालावी नाम के यात्री ने वीडियो शूट कर शेयर कर दिया., जो बाद में वायरल हो गया। एलेक्सा ने बताया कि फोर्ट लॉडरडेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट की उड़ान के दौरान महिला ने सिगरेट जला ली।उन्होंने कहा कि विमान को गेट तक पहुंचने में एक घंटे का समय लगा इस दौरान महिला यात्री ने एक और सिगरेट निकाल ली। जब महिला धूम्रपान कर रही थी,तब इसकी सूचना मजदलावी ने उड़ान के फ्लाइट क्रू मेंबर को दी, लेकिन उन्होंने कुछ भी करने से इनकार कर कहा कि अगर वहां चाहें तब दूसरी सीट पर बैठ सकते हैं। हालांकि, क्रू मेंबर ने अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी। एयरलाइन कर्मचारियों के कहने पर महिला को विमान से उतार दिया गया।फ्लाइट अधिकारियों ने बताया कि महिला को गिरफ्तार नहीं कर केवल फ्लाइट से सफर करने से रोक दिया गया।मामले पर बात करते हुए एयरलाइंस के अधिकारी ने कहा कि फ्लाइट अटेंडेंट ने स्मोकिंग की स्मैल को सूंघ लिया था और उसने सभी यात्रियों से पूछा कि किसने फ्लाइट में स्मोकिंग की है इस दौरान उसकी एक बुझी हुई सिगरेट के अवशेष मिले।जिसके बाद सुरक्षा अधिकारियों ने महिला से पूछताछ की, जिसके बाद हमारे चालक दल ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों को यात्री को हटाने के लिए गेट पर इंतजार करने के लिए बुलाया। अमेरिका में डोमेस्टिक फ्लाइट के दौरान धूम्रपान करने पर पहली बार 1988 में प्रतिबंध लगाया गया था और 2000 तक सभी डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट में धूम्रपान को प्रतिबंधित कर दिया गया।

## पाकिस्तान में 24 घंटे में कोरोना के चार हजार मामले सामने आए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में शुक्रवार को चार हजार से अधिक कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज हुए। वहीं 95 और मरीजों की मौत हो गई।

नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 4016 लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई,इसके साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा 11 लाख 44 हजार 341 हो गया है, वहीं बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 25,415 हो गई है। यहां अब तक 10 लाख 26 हजार 082 लोग कोरोना मुक्त हो चुके हैं, और अभी 92,844 सक्रिय मामले हैं।

पाकिस्तान में अभी तक तीन करोड़ 92 लाख 49 हजार 475 लोगों को वैक्सीन के आंशिक और एक करोड़ 48 लाख 27 हजार 179 लोगों का पूरे डोज दिए जा चुके हैं।

# दिल्ली में कांग्रेस को बड़ा झटका, कांग्रेस के कई बड़े नेता भाजपा परिवार में हुए शामिल

● भाजपा ने समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास किया है : आदेश गुप्ता

» (एजेंसी)



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता की उपस्थिति में आज कांग्रेस से लक्ष्मीनगर ब्लॉक के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार खिंद्री और महामंत्री श्री जगदीश सिंह ठाकुर सहित कई पदाधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास किया है। इस मौके पर लक्ष्मीनगर से विधायक श्री अभय वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता श्री हरीश खुराना एवं श्री ब्रिजेश राय और शाहदरा जिले के जिलाध्यक्ष श्री रामकिशोर शर्मा उपस्थित थे।

आदेश गुप्ता ने कांग्रेस से आए सभी पदाधिकारियों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकास और जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर दिन प्रति दिन भाजपा परिवार एक संगठन के रुप में बड़ा होता जा रहा है जो इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सिर्फ एक पार्टी ही नहीं बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसमें हर तरह के व्यक्ति को बराबर सम्मान मिलता है।

उन्होंने कहा कि लक्ष्मीनगर ब्लॉक से इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस सदस्यों का भाजपा परिवार में शामिल होना हमारे लिए प्रसन्नता की बात है। श्री राजेश खिंद्री और उनकी टीम का भरपूर लाभ हमें मिलेगा इसका पूर्ण विश्वास है।

कांग्रेस से लक्ष्मीनगर ब्लॉक के अध्यक्ष श्री राजेश खिन्द्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्य, लक्ष्मीनगर से भाजपा विधायक श्री अभय वर्मा की तत्परता और प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता की कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर मैंने अपनी पूरी टीम के साथ आज भाजपा परिवार में शामिल होने का फैसला किया है। हालांकि हमें पता है कि हमें बहुत देरी हो गई है, यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन जब जागो तभी सबेरा, इसी सोच के साथ हमने आज भाजपा की सदस्या ग्रहण की है।

उन्होंने कहा कि आज हम विश्वास दिलाते हैं कि पार्टी की तरफ से मिली किसी भी जिम्मेदारी का निर्वाहन करने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और हमारे दल का एक-एक कार्यकर्ता अपने आप में एक पूरी टीम के बराबर है। श्री खिंद्री ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जहां परिवारवाद को कार्यकताओं से ऊपर रखा जाता है इसलिए कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करता है। इतने सालों तक सेवा देने के बावजूद एक कार्यकर्ता के रुप में हम आज भी खुद को ठगा महसूस करते हैं।

# ब्रिक्स देश भूख और गरीबी उन्मूलन के 2030 सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे: मंत्री तोमर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 11वीं बैठक आज वर्चुअल रूप से संपन्न हुई। इसमें भारत, ब्राजील, रूस, चीन व दक्षिण अफ्रीका के कृषि मंत्रियों ने ह्लखाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए कृषि जैव विविधता को मजबूत करने हेतु ब्रिक्स साझेदारीह्व विषय पर विचार-विमर्श किया। ब्रिक्स महत्वपूर्ण समूह है, जो दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है, दुनिया की 41% आबादी की मेजबानी करता है, विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में 24% और विश्व व्यापार में 16% से अधिक का योगदान देता है। इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा कि ब्रिक्स देश भूखमरी व गरीबी मिटाने के लिए वर्ष 2030 के सतत विकास लक्ष्यों के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाने की अच्छी स्थिति में हैं। कृषि उत्पादन बढ़ाकर व किसानों की आय में वृद्धि करके, आय असमानता व खाद्य मूल्य अस्थिरता की समस्या को दूर किया जा सकता है।

बैठक के दौरान तोमर ने खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए कृषि जैव विविधता विषय पर संबोधन में कहा कि कृषि जैव विविधता के संरक्षण के महत्व को स्वीकार करते हुए, भारत ने विभिन्न संबंधित ब्यूरो में पौधों, जानवरों, मछलियों, कीड़ों व कृषि की दृष्टि से महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीवों के लिए राष्ट्रीय जीन बैंक की स्थापना की है और उनका रखरखाव कर रहा है। भारत दलहन, तिलहन, बागवानी फसलों, राष्ट्रीय बांस मिशन व हाल ही में शुरू किए गए राष्ट्रीय पाम ऑयल मिशन जैसे देशव्यापी कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कृषि-खाद्य प्रणालियों के विविधीकरण को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य खेतों व थाली दोनों में विविधीकरण प्रदान करने के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि करना है। तोमर ने बताया कि भारत की पहल और प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया है व वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष मनाने के लिए तैयारियां की जा रही है।

मंत्री तोमर ने कहा कि भारत पोषक-अनाज के अनुसंधान, शिक्षण, नीति-निर्माण, व्यापार और खेती में क्षमता विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा हैं, जो फसलों के इस समूह में उपलब्ध अद्भुत विविधता के संरक्षण के साथ-साथ किसानों को लाभान्वित करने में दीर्घकालीन उपाय होगा और यह दुनिया के कम पर्यावरणीय रूप से संपन्न क्षेत्र में केंद्रीत हैं। कृषि अनुसंधान और नवाचारों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स कृषि अनुसंधान मंच तैयार किया है और आज से इसका क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है।

## निर्वाचित प्रतिनिधियों को हर साल अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश करना चाहिए: उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री, अनुराग ठाकुर ने उपराष्ट्रपति निवास में उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू को ह्यरिफ्लेक्टिंग, रिकलेक्टिंग, रिकनेक्टिंगह्व नामक पुस्तक की पहली प्रति भेंट की है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक उपराष्ट्रपति के कार्यकाल के चौथे साल का वर्णन करती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह पुस्तक लोगों के लिए एक तरह का रिपोर्ट कार्ड है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों और निर्वाचित प्रतिनिधियों का यह कर्तव्य है कि वे लोगों द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों और कर्तव्यों पर हर साल एक रिपोर्ट कार्ड पेश करें। उन्होंने कहा, ह्लयह आपका कर्तव्य है कि आप जिन लोगों की सेवा कर रहे हैं, उनसे संवाद करें और बताएं कि आपने क्या किया है। नायडू ने कोरोना महामारी के बावजूद बेहद कम समय में पुस्तक प्रकाशित करने के लिए प्रकाशन विभाग की सराहना की। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह पुस्तक

## खबर एक नजर

### भारत ने रच दिया इतिहास 1 दिन में एक करोड़ से अधिक लगे टीके

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में भारत के टीकाकरण अभियान ने अब तेज रफ्तार पकड़ ली है। देश अब उस टारगेट के काफी करीब आ चुका है, जिसकी दरकार काफी दिनों से थी। कोरोना के खिलाफ जंग में भारत ने इतिहास रच दिया और एक दिन में एक करोड़ से अधिक लोगों को टीका देकर बड़ा रिकॉर्ड कायम कर दिया। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में शुक्रवार को कोविड-19 रोधी टीके की एक करोड़ से अधिक खुराक दी गई जो एक दिन में दी गई खुराक की सर्वाधिक संख्या है। कोविन वेबसाइट के अनुसार, देश में कोविड रोधी टीकों की 62,17,06,882 से अधिक खुराक दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीकाकरण अभियान से जुड़े लोगों की सराहना की और टीका लगवाने वालों की भी प्रशंसा की। उन्होंने ट्वीट किया, ह्लआज रिकार्ड टीकाकरण हुआ। एक करोड़ का आंकड़ा पार करना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जो लोग टीके लगवा रहे हैं और जो इस टीकाकरण अभियान को सफल बना रहे हैं उन्हें बधाइयां'। यहां जानना जरूरी है कि अब तक देश में कभी भी एक दिन में एक करोड़ वैक्सीन नहीं लगी थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट किया, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। यह वही प्रयास है जिससे देश ने एक दिन में एक करोड़ से अधिक टीके लगाने का आंकड़ा पार कर लिया है। स्वास्थ्यकर्मियों का अथक परिश्रम व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का दृढ़ संकल्प रंग ला रहा है।' कोविन वेबसाइट के अनुसार, शुक्रवार को टीके की 1,00,64,032 खुराक दी गई। टीकाकरण अभियान में शुक्रवार को आज एक और उपलब्धि हासिल हुई जब देश में यह आंकड़ा 60 करोड़ के पार चला गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार शाम सात बजे संकलित अनंतिम रिपोर्ट के अनुसार एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि में देश में कोविड-19 टीकाकरण का दायरा 62 करोड़ (62,09,43,580) खुराक को पार कर गया है। 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में चल रहे विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के अंतर्गत आज देश में एक ही दिन 1 करोड़ से अधिक कोविड वैक्सिन लगाए गए हैं। कल ही हमने देश की आधी आबादी को कम से कम एक टीका लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की थी। टीका लगवाने वालों और टीकाकरण अभियान को सफल बनाने वालों को बधाई।

### भारतीयों की मदद के लिए 100 से ज्यादा देशों में हेल्प सेंटर बनाएगी मोदी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। अफगानिस्तान के काबुल से भारतीयों को निकालने के लिए मोदी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी बीच भारत सरकार ने इमिग्रेशन नीति में बड़े बदलाव करने की योजना बनाई है। बता दें कि 4 दशक बाद केंद्र सरकार ने नई नीति के तहत 100 से ज्यादा देशों में हेल्प सेंटर बनाने की योजना बनाई है। विदेशी में भारतीयों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने 100 से ज्यादा देशों में हेल्प सेंटर बनाएगी। इसके तहत मुसीबत में फंसे भारतीय कभी भी हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर मदद मांग सकते हैं। जिसके 30 मिनट के भीतर ही उनकी मदद सुनिश्चित की जाएगी। हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे काम करेगा। हाल ही में अफगानिस्तान पर तालिबान के राज के बाद वहां के हालात बदतर हो गए। भारतीयों की भी वतन वापसी के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध होकर आपातकालीन ऑपरेशन चला रही है। विगत वर्षों में गलत जानकारियों की वजह से भारतीय दूसरे देशों में बुरी तरह से फंस गए थे। इस ध्यान में रखकर नई नीति को बनाया जा रहा है। इसके तहत गलत काम करने वाली एजेंसियों को ब्लैक लिस्ट कर उनकी जानकारी ग्लोबली साझा की जाएगी। कहा जा रहा है कि छात्रों और कामगारों के साथ फजीर्वाड़ा न हो इस भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। नई नीति में इसके लिए भी प्रावधान होंगे। इस नई नीति को संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। फिलहाल विदेश मंत्रालय को इस संदर्भ में लोगों से सुझाव भी मिल गए हैं।

### कांग्रेस रैलियों में दिहाड़ी पर लोगों को लाती है, बयान पर कांग्रेस ने मायावती से की माफी की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। बसपा सुप्रीमो मायावती के एक बयान पर कांग्रेस आक्रोशित है और उसको लेकर उनसे मांफी मांगने को कहा है। कांग्रेस की असंगठित कामगार इकाई ने शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती से उनकी दिहाड़ी मजदूरों के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर माफी की मांग की। इकाई ने कहा कि वह शनिवार को मायावती के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करेंगे। बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और आरोप लगाया, ह्यकांग्रेस तो रैलियों में दिहाड़ी पर लोगों को लाती है। जिस दिन कांग्रेस की रैली होती है, दिहाड़ी में काम करने वाले मजदूर बहुत खुश होते हैं और कहते हैं कि आज हमें काम नहीं करना पड़ेगा। यह कांग्रेस की भीड़ जुटाने की संस्कृति है। ह्व अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने एक बयान में कहा, हम दिहाड़ी मजदूरों के खिलाफ मायावती की अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हैं।

# मीडिया का कार्य चुनौतीपूर्ण: मृदुला घई

» (एजेंसी)



कहा जाता है जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि इस कथन को हमेशा अपने कृतित्व एवं व्यक्तित्व से चरितार्थ करती रही हैं कवयित्री एवं श्रम मंत्रालय की आयुक्त मृदुला घई। एक कवायित्री का मन भावुक एवं संवेदनशील होता है । वह सभी के दुख दर्द का आकलन और उसका चित्रण बड़े ही मार्मिक ढंग से करती है। पिछले दिनों वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित डिजिटल मीडिया अवार्ड में कवयित्री मृदुला घई ने मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मीडिया किसी भी राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी है और उनका कार्य चुनौती एवं जोखिम भरा हुआ है। ऐसी स्थिति में मीडिया कर्मियों को उचित सम्मान देना सभी नागरिकों का कर्तव्य बन जाता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जहां लोगों के लिए जान बचाना एक बड़ी चुनौती थी वही मीडिया कोरोना की खबर एवं जगह जगह आ रही चिकित्सा संबंधी समस्या के बारे में सरकार को लगातार अवगत एवं जागरूक कराता रहा। यह एक कोरोना योद्धा ही कर सकता है इसे मीडिया जगत ने साबित कर दिखाया।

कवायित्री घई ने मीडिया के सम्मान में एक गीत की रचना की है जिसको मशहूर गायिका अलका याग्निक एवं शान ने स्वर दिया है । यह मीडिया के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और कवयित्री घई का मीडिया जगत को एक महत्वपूर्ण सम्मान एवं योगदान है।

इस अवसर पर दिल्ली एनसीआर की डिजिटल मीडिया डायरेक्टरी भी लॉन्च कि गई।

## कृषि अनुसंधान में सहयोग को सुदृढ़ बनाने के लिए ब्रिक्स-कृषि अनुसंधान मंच की शुरूआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच कृषि अनुसंधान एवं नवोन्मेषणों के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ बनाने के लिए भारत में तैयार एवं गठित ब्रिक्स कृषि अनुसंधान मंच के प्रचालन की घोषणा की। मंत्री खाद्य सुरक्षा एवं पोषण के लिए कृषि जैवविविधता को सुदृढ़ बनाने के लिए ब्रिक्स साझीदारी थीम के तहत ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 11वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। विज्ञान केंद्रित कृषि के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में ब्रिक्स-कृषि अनुसंधान मंच कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र में कार्यनीतिक सहयोग के जरिये टिकाऊ कृषि विकास को बढ़ावा देने के द्वारा दुनिया में भूख, कुपोषण, गरीबी तथा असमानता के मुद्दों के समाधान में सहायता करेगा। ब्रिक्स-एआरपी का प्रचालन ब्रिक्स सदस्य देशों में छोटे खेतिहर किसानों के लिए तथा सतत रूप से ऊपज बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए प्रौद्योगिकियों सहित कृषि अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, नीति, नवोन्मेषणों और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग में तेजी लाने के लिए किया है।

# दिल्ली समेत कई राज्यों में आज से होगी वर्षा

● मौसम विभाग ने दिल्ली और उत्तर-पश्चिम राज्यों के लिए जारी किया पूवार्नुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम विभाग ने 29 अगस्त से राजधानी दिल्ली और भारत के उत्तर-पश्चिम इलाकों में बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार 31 अगस्त तक मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में भारी बारिश के आसार हैं। जबकि, दक्षिण भारतीय राज्य केरल के कई जिलों में में 28 और 29 अगस्त के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा मानसून की हल्की गतिविधियों का सामना कर रहे गुजरात को भी जल्दी ही राहत मिल सकती है।

मौसम विभाग की तरफ से शुक्रवार को जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 27 से 29 अगस्त के बीच ओडिशा, आंध्र प्रदेश, 27 से 31 अगस्त के बीच तेलंगाना, 28 से 29 अगस्त के बीच छत्तीसगढ़, झारखंड, 29 से 31 अगस्त के बीच विदर्भ और मध्य प्रदेश, 30 से 31 अगस्त के बीच गुजरात क्षेत्र, 30 अगस्त को मराठवाड़ा और 31 अगस्त और उत्तरी कोंकण और उत्तरी मध्य महाराष्ट्र में भारी बारिश होने की संभावना है।

इसके साथ ही कर्नाटक के आंतरिक और तटीय क्षेत्रों, तमिलनाडु और केरल और माहे में अगले तीन दिनों में भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। 29 अगस्त को तमिलनाडु और केरल और माहे में मूसलाधार बारिश के आसार हैं। इसके अलावा उत्तराखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 29 अगस्त तक भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने केरल के छह जिलों को 28 और 29 अगस्त के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया और अत्यधिक भारी वर्षा की आशंका जताई। मौसम विज्ञानियों ने राज्य के अन्य सभी जिलों के वास्ते भी येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने 28 अगस्त के लिए इडुक्की, पालक्काड़, मलप्पुरम, कोझीकोड, वायनाड और कन्नूर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें लगभग 20 सेमी तक ह्यअत्यधिक भारी वर्षाह्व की आशंका जताई गई है। इसके साथ ही, आईएमडी ने रविवार के लिए पथनमथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, पलक्कड़, मलप्पुरम और वायनाड जिलों को ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जबकि राज्य के अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## मंत्री स्मृति इरानी ने लैंगिक और महिला केंद्रित मुद्दों को संबोधित करने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने महिला सशक्तिकरण पर पहले जी20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन का आयोजन कल इटली के सांता मार्गेरिटा लिगुर में हाइब्रिड प्रारूप में किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने आपसी सहयोग के माध्यम से लैंगिक और महिला केंद्रित मुद्दों को संबोधित करने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मंत्री ने भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने और महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में शुरू की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला।

श्रीमती स्मृति इरानी ने अपने संबोधन के दौरान साझेदार देशों के बीच लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जी20 के साथ भारत की एकजुटता के बारे में भी बताया।

सहयोग व समन्वय के माध्यम से लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय मंत्री, जी20 के लैंगिक समानता मंत्रियों के साथ सभी प्रासंगिक मंचों पर शामिल हुईं।

# भारतीय फिल्मों के पास भारत की सॉफ्ट पावर को आगे बढ़ाने का एक अनूठा अवसर है: मंत्री जी. किशन रेड्डी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री, अनुराग सिंह ठाकुर तथा केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री, जी. किशन रेड्डी ने आज केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन, केंद्रीय संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा केंद्रीय विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी के साथ मिलकर ई-फोटो प्रदर्शनी 'मेकिंग ऑफ द कॉन्स्टीट्यूशन' और वर्चुअल फिल्म पोस्टर प्रदर्शनी 'चित्रांजलि@75' का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम न्यू इंडिया की यात्रा को प्रदर्शित करने और स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों सहित स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का जश्न मनाने के उद्देश्य से आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के तहत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम मंत्रालय और साथ ही विभिन्न मीडिया इकाइयों द्वारा मनाए जा रहे 'आइकॉनिक वीक' के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया। अनुराग ठाकुर ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि ई-फोटो प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना है। यह प्रदर्शनी जनभागीदारी की दिशा में एक कदम है जो न केवल देश के युवाओं को संविधान के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करेगी बल्कि उन्हें उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित करेगी और साथ ही उन्हें राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों की भावना को लेकर जागरूक करेगी।

ठाकुर ने घोषणा की कि सरकार भारत के संविधान के संस्थापक सिद्धांतों का प्रसार करने के प्रयासों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत जल्द ह्यनो योर कॉन्स्टीट्यूशनह्व (अपने संविधान को जानें) कार्यक्रम चलाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'हमने अपनी परिवर्तनकारी डिजिटल क्रांति को ध्यान में रखते हुए इस संकलन को डिजिटल प्रारूप में जारी किया है। ई-बुक हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 11 भारतीय भाषाओं में जारी की जाएगी। यह अनूठा संग्रह हमारी आजादी की यात्रा के विभिन्न पड़ावों का जश्न मनाएगा।'

इस वर्चुअल प्रदर्शनी में वीडियो और भाषणों का संग्रह है और साथ ही एक रोचक क्विज भी है जिसमें हिस्सा लेने पर ई-प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

# स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। मंत्री तत्काल प्रभाव से 2024 तक यह जिम्मेदारी संभालेंगे। वह 2022 तक, संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित टीबी लक्ष्यों तक पहुंचने की दिशा में स्टॉप टीबी पार्टनरशिप सचिवालय, भागीदारों और टीबी समुदाय के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे, जो 2023 तक टीबी के उन्मूलन की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों के लिहाज से एक अहम पड़ाव है।

मंडाविया ने कहा, 'मेरे लिए स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड की अध्यक्षता करना और इस तरह 2030 तक दुनिया भर में इस विनाशकारी बीमारी के उन्मूलन के वैश्विक प्रयासों को लेकर निरंतर प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना सम्मान की बात है। मैं टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड और सचिवालय के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।' उन्होंने इस अवसर पर 2025 तक देश में टीबी के उन्मूलन से जुड़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने स्टॉप टीबी बोर्ड के निवर्तमान अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन का भी आभार व्यक्त किया और उनके मार्गदर्शन में स्टॉप टीबी पार्टनरशिप द्वारा की गई पहलों की सराहना की। स्टॉप टीबी पार्टनरशिप ने बोर्ड के आगामी उपाध्यक्ष श्री ऑस्टिन अरिन्जे ओबिएफुना, एफ्रो ग्लोबल एलायंस के कार्यकारी निदेशक का भी स्वागत किया झ जो इससे पहले स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड में सबसे बड़े धड़े झ डेवलपिंग कंट्रीज एनजीओज (संगठन) का प्रतिनिधित्व करने वाले बोर्ड सदस्य थे। वह एक जनवरी, 2022 से तीन साल की अवधि के लिए बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

# *2021 न केवल ब्रिक्स बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष: मंत्री भूपेंद्र यादव*



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिक्स की 2021 की पर्यावरण मंत्री स्तर की 7वीं बैठक मेंभारत ने वैश्विक पर्यावरण और जलवायु चुनौती के खिलाफ ठोस सामूहिक वैश्विक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यह समानता, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं एवं परिस्थितियों और ह्यएक समान लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों एवं संबंधित क्षमताओं' (सीबीडीआर-आरसी) के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है। यह बैठक सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में भारत की अध्यक्षता में वर्चुअली आयोजित की गई थी और इसमें ब्रिक्स देशों के पर्यावरण मंत्रियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक से पहले 26 अगस्त, 2021 को पर्यावरण पर ब्रिक्स संयुक्त कार्य समूह की बैठक हुई थी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत ब्रिक्स को बहुत महत्व देता है और 2021 न केवल ब्रिक्स बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ष है, क्योंकि अक्टूबर में संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सीओपी 15 और नवंबर में यूएनएफसीसीसी सीओपी 26 होना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिक्स देश जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि, वायु प्रदूषण, समुद्र में प्लास्टिक कचरे जैसी समकालीन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) कार्य समूह 1 के योगदान वाली ह्यजलवायु परिवर्तन 2021: भौतिक विज्ञानह्व की छठी आकलन रिपोर्ट के हालिया निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए यादव ने कहा कि वैश्विक पर्यावरण और जलवायु चुनौतियों के खिलाफ ठोस सामूहिक वैश्विक कार्रवाई के लिए इस रिपोर्ट ने पर्याप्त या कहें कि अंतिम संकेत दे दिया है। पर्यावरण मंत्री ने ब्रिक्स देशों के मंत्रियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में कैसे भारत ने आज अक्षय ऊर्जा, स्थायी आवास, अतिरिक्त वन और वृक्षों के आवरण के माध्यम से कार्बन सिंक के निर्माण, टिकाऊ परिवहन के लिए परिवर्तन, ई-गतिशीलता यानी मोबिलिटी, जलवायु प्रतिबद्धताओं के लिए निजी क्षेत्र को लामबंद करने जैसे कई मजबूत कदम उठाकर एक उदाहरण पेश किया है।

# सरकार पूर्वोत्तर को देश का विकास इंजन बनाने के लिए काम कर रही है: मंत्री सबार्नंद सोनोवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने गुवाहाटी में विकास के लिए इंजन के रूप में जलमार्ग पर आयोजित एक हितधारक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर को देश का विकास इंजन बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और यह क्षेत्र विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सोनोवाल ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्ष 2014 से ही भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने के साथ - साथ देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। सोनोवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में जलमार्ग संपर्क पर काफी ध्यान दिया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अब हम मोंगला और चटगांव बंदरगाह आसानी से आ - जा सकते हैं। उन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र के हितधारकों से इस सम्मेलन और सभी प्राथमिकताओं का लाभ उठाने का आग्रह किया, जिससे फलस्वरूप इस क्षेत्र के उत्पादों को विदेशों में निर्यात किया जा सकता है।

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि उनका मंत्रालय पूर्वोत्तर क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए जल संसाधनों और जलमार्गों के विकास तथा इनके उपयोग के लिए कई पहल कर रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि यह सम्मेलन इन विचारों को समझने तथा सीखने का मंच है कि आर्थिक विकास के लिए जल संसाधनों का उपयोग कैसे किया जा सकता है और इस तरह की चर्चा के माध्यम से विचारों को साझा करने से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों को अपने उत्पाद के लिए बाजार प्राप्त करने में भी मदद मिल सकती है। उद्योग एवं वाणिज्य, परिवहन व कौशल विकास मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने सबार्नंद सोनोवाल को राज्य में इस तरह के सम्मेलन के आयोजन और पूर्वोत्तर क्षेत्र में जलमार्ग के विकास के लिए पहल करने पर धन्यवाद दिया। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय भी ब्रह्मपुत्र में नदी पर्यटन तथा वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए पहल कर रहा है, इसके तहत मंत्रालय ने पर्यटक घाटों के विकास के लिए 7 अस्थायी स्थानों (ओरियम घाट, भूपेन हजारिका सेतु, तेजपुर में कोलिया भोमोरा पुल, बोगीबील सेतु, दिखोमुख, कलोंगमुख और उजानबाजार) की पहचान की है।

# क्या प्रजातान्त्रिक तरीके से आबादी नियंत्रण संभव हो पायेगा ?

भारत एक लोकतान्त्रिक देश हैं जहाँ समस्यायों का भण्डार हैं .कोई भी नियम कानून बनाने में सरकारों को पसीना आ जाता हैं कारण पिंडे पिंडे मतिर भिन्नाः .क्योकि यहाँ जनतंत्र हैं और सबको बोलने की स्वतंत्रता के साथ स्वच्छंदता हैं और उसके बाद न्यायालीन सुव्यवस्था का होना मतलब के मामले जल्दी या देरी से निपटाएं जाते हैं जब तक की बड़े आका न बोल दे कुछ नहीं होने वाला अभी आसाम और उत्तर प्रदेश में यह व्यवस्था बनाई जा रही हैं, अभी कुछ दिनों में बाल की खाल निकालने वाले आंदोलन या न्यायालय जाएंगे विधान सभाओं में बहुमत होने के कारण बिल पास हो भी जाय तो दिल्ली की केंद्र सरकार को अपना भविष्य देखना पड़ेगा ।

आबादी नियंत्रण बहुत आवश्यक हैं इसको समग्र परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए । विश्व, देश, प्रदेश, व्यक्तिगत परिवार आबादी बढ़ाना कोई अपराध नहीं हैं पर आने वाली संतति के भरण पोषण की क्या व्यवस्था और सुविधा होंगी आबादी के कारन अधोसंरचना में ही हमारा पूरा आर्थिक ढांचा चरमरा जाता हैं यदि हम व्यक्तिगत बात करे तो सामान्य जन का अधिकांश धन चिकित्सा शिक्षा में जाता हैं उसके बाद शान शौकत में यदि किसी की आमदनी का जरिया संतोषजनक हैं तो ठीक हैं वरना वह एक संतान के बाद सोचता हैं दूसरी संतान के लिए कारण पालन पोषण के बाद शिक्षा में हजारो हजार फीस, किताबें अलग आजकल ऑनलाइन शिक्षा के कारण लेपटॉप, आईपेड,मोबाइल अनिवार्य हो चुके हफीस के बाद बीमारियों का खेल अजब गजब हैं .आजकल फेस्टिवल ऑफर के सामान एक बिमारी के साथ दो बीमारी फ्री में मिल रही हैं बजट का अधिवकंश पैसा परिवार में लग जाता हैं ।

अब आती हैं समस्या देश, प्रदेश स्तर की रोटी कपडा और मकान इसके बाद नौकरी व्यापार इसके लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होना जैसे सड़क निर्माण, भवन निर्माण आदि में रेट उत्खनन, जंगलों की कटाई ,पानी की कमी का होना, हॉस्पिटल स्कूल कॉलेजों के प्रवेश की समस्या , उसके बाद न्यायालय, यात्राएं उनमे भीड़, कारों में भीड, रखरखाव भी स्थानाभाव मांग और उत्पादन में अंतर होने से पूर्ती की कमी उससे महगाई का होना स्वभाविक हैं इसके अलावा देश में समस्यों का अम्बार लगा हुआ हैं राजनैतिक उथल पुथल के साथ सभी पार्टियां एक दूसरे केदुशमन और टांग खींचने में आगे .विरोध करना उनका अधिकार हैं ।



आबादी नियंत्रण के लिए कानून बना देना काफी नहीं होगा जब तक की व्यक्तिगत चेतना न जाग्रत हो हमारे देश में कानून तोडना पहले जानते हैं .रचनात्मक सोच न होने से विकास नहीं हो ॰ रहा हैं कुछ जातिगत पहलु होने से विरोध होना स्वाभाविक हैं चीन में भी नियम बनने के बाद आज वहां आबादी असंतुलन होने से फिर से दो बच्चों का अधिकार देना पड़ा .ये मसले दो राज्यों के नहीं पूरे भारत का हैं और हमारे यहाँ कोई भी कानून प्रजातंत्र में कठिन होता हैं .यहाँ राजशाही और हिटलरशाही तंत्र न होने से परेशानी होती हैं .दूसरी बात योग्य दंपत्ति को दो बच्चों का अवसर तो देना होगा .यह आवर्ती होगा और वर्तमान में मृत्यु दर कम होने से आबादी वृध्दि होना स्वाभाविक हैं ।

प्रजातंत्र में ऐसे कानून बनाना खतरे से खाली नहीं होता वर्ष १९७५ में परिवार नियोजन कार्यक्रम के कारण सरकार गिर गयी थी नियमों का पालन कायदे से हो जबरदस्ती होने से अव्यवस्थ होने के चांस होने लगते हैं ।

स्वर्णिम भविष्य के लिए आबादी नियमन किया जाना जरुरी हैं, कारण संसाधन सीमित होने से हर वस्तु की तंगी होना लाजिमी हैं वर्त्तमान पीढ़ी वैसे ही कष्टमय हैं हमें आगामी पीढ़ी को दृष्टिगत रखकर विशाल हृदय से इस कदम में सहयोग देना होना अन्यथा धन होने के बाद कुछ नहीं मिलेगा और हमें अर्धनग्न रहना होना .भूखे रहकर मरना होगा ।

हमें यदि सुखी और संतोषी रहना हैं तो
संतति नियमन का पालन करना होगा
संतान सुखी और आप स्वस्थ्य रह पाएंगे
हम तो चले जाएंगे पर
हम अपनी सनतानों को
मौत के मुंह पर खड़ा करके
आहें ले पाएंगे ।

## गुरु की स्वीकार्यता

हर वक्त संसार को गुरु की दृष्टि से देखो। तब यह संसार मलिन नहीं बल्कि प्रेम, आनन्द, सहयोगिता, दया आदि गुणों से परिपूर्ण, अधिक उत्सवपूर्ण लगेगा। तुम्हें किसी के साथ संबंध बनाने में भय नहीं होगा क्योंकि तुम्हारे पास आश्रय है। घर के अन्दर से तुम बाहर के वज्रपात, आंधी, वर्षा व कड़ी धूप देखोगे। भीतर वातानुकूलित व्यवस्था है- शीतल और शान्त। बाहर गर्मी और अशांति है पर तुम परेशान नहीं होते, क्योंकि कुछ भी तुम्हें बेचैन और विचलित नहीं कर सकता। कोई तुम्हारी पूर्णता नहीं छीन सकता। यही है गुरु का उद्देश्य। संसार के सभी संबंध उलट-पुलट हो जाते हैं। संबंध बनते हैं और टूटते हैं। यहां राग भी है, द्वेष भी। यही संसार है। पर गुरु कोई संबंध नहीं, गुरु की मौजूदगी होती है।

गुरु का सान्निध्य अनुभव करो। गुरु को अपने संसार का अंश मत बनाओ। संसार का हिस्सा बनाते ही, वही अप्रिय भावनाएं उठती हैं- उन्होंने ऐसा कहा, उन्होंने ऐसा नहीं कहा, वह उनका अधिक प्रिय है, मैं नहीं हूं। जीवन में गुरु का सान्निध्य सभी संबंधों में पूर्णता लाता है। यदि गुरु के निकट अनुभव नहीं कर रहे, तो यह तुम्हारे मन, धारणा, अहंकार के कारण है। जो कुछ भी महत्वपूर्ण है, अंतरंग है, उसे गुरु के साथ बांटो। जो तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, आंतरिक है, जब तक तुम उसे गुरु को नहीं व्यक्त करते, तब तक निकटता का अनुभव नहीं कर सकते। आप कैसे हैं? गुरु से हृदय खोलकर मन की गहराइयों में समाई अपने जीवन की आंतरिक व महत्वपूर्ण बातें करो। महत्वहीन या सांसारिक बातें न करो।

यदि तुम गुरु के साथ निकटता अनुभव नहीं कर रहे, तो गुरु की आवश्यकता ही क्या है? वह तुम्हारे लिए केवल एक और बोझ है। बस, उसे अलविदा कह दो। तुम गुरु के साथ हो ताकि तुम गुरु के आनन्द में सहभागी हो, उनकी चेतना के सहभागी।

इसके लिए पहले तुम्हें अपने आप को खाली करना है, जो पहले से है, उसे गुरु को दे देना है। मन में जितना भी कूड़ा हो, किसी भी प्रकार का, गुरु लेने के लिए तैयार हैं। तुम जैसे भी हो, गुरु तुम्हें स्वीकार कर लेंगे। वे अपनी ओर से बांटने को तैयार हैं- तुम्हें केवल अपनी ओर से तैयार होना है।

## संपादकीय

### खेती पिछड़ रही

पूरे देश में ही खेतों के बंटवारे, खेती की बढ़ती लागत, फसल के वाजिब दाम के सुनिश्चित न होने, सिंचाई की माकूल व्यवस्था के अभाव जैसी समस्याओं के कारण खेती पिछड़ रही है। परिवारों के बंटवारे से जैसे ही जोत छोटी होती है तो खेती में मशीन व तकनीक के उपयोग की लागत बढ़ जाती है। इसी के चलते किसान खेती से बाहर निकल कर वैकल्पिक रोजगार की तलाश में खेत बेच कर बड़े शहरों की राह पकड़ता है। देश में किसानों की कुल संख्या लगभग 15 करोड़ है। पांच साल पहले यह संख्या करीब 14 करोड़ थी। लेकिन इसमें लघु और सीमांत किसानों की संख्या 86 फीसद है। वहीं उत्तर प्रदेश में लघु और सीमांत किसान 93 फीसद हैं जिन्हें खेती के बदौलत दो जून की रोटी मिलना मुश्किल हो रहा है। बुंदेलखंड जैसे इलाकों में हर तीन-चार साल में अल्प वर्षा तो खेती की दुश्मन है ही, आवारा पशु एक नई समस्या के रूप में उभरे हैं। एक तो छोटा-सा खेत, वह भी प्रकृति की कृपा पर आश्रित और उसमें भी गायों का रेवड़ घुस गया तो किसान बबार्दी अपनी ही आंखों के सामने देखता रह जाता है। यदि मवेशी को भगाएं और वह दूसरे के खेत में चले गए तो उससे फौजदारी तय है। ऐसे में बुंदेलखंड से दिल्ली आने वाली ट्रेन व बसें हर समय गारा-गुम्मा का मजूरी करने वालों से अटी रहती हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में करीब ढाई करोड़ हेक्टेयर भूमि है जिसमें से शुद्ध बुआई वाला रकबा एक करोड़ 68 लाख 12 हजार हेक्टेयर है जो कुल जमीन का करीब 70 फीसद बैठता है। जाहिर है, राज्य के निवासियों की रोजी-रोटी का सबसे बड़ा जरिया खेती ही है। राज्य में कोई ढाई फीसद जमीन उसर या खेती के अयोग्य भी है। प्रदेश के तिरपन प्रतिशत लोग किसान हैं और कोई 20 फीसद खेतिहर मजदूर। यानी लगभग तीन-चौथाई आबादी इसी जमीन से अपना अन्न जुटाती है। एक बात और गौर करने लायक है कि 1970-1990 के दो दशकों के दौरान राज्य में कुल बोया गया क्षेत्रफल 173 लाख हेक्टेयर स्थिर रहने के बाद अब लगातार कम हो रहा है। ऐसोचेम का कहना है कि हाल के वर्षों में कृषि के मामले में उत्तर प्रदेश की सालाना विकास दर महज 2.9 फीसद है, जो राष्ट्रीय फीसद 3.7 से बेहद कम व निराशाजनक है। विकास के नाम पर सोना उगलने वाली जमीन की दुर्दशा इस आंकड़े से आंसू बहाती दिखती है कि यूपी में सालाना 48 हजार हेक्टेयर खेती की जमीन कंक्रीट द्वारा निगली जा रही है। 2013 की कृषि नीति में सरकार ने खेती की विकास दर 5.3 फीसद तक ले जाने का लक्ष्य तय किया था। इसके लिए अनुबंध खेती, बीटी बीज जैसे प्रयोग भी शुरू किए गए, लेकिन जमीन पर कुछ दिखा नहीं, क्योंकि यह सब तभी संभव है जब खेती लायक जमीन को सड़क, शहर जैसे निर्माण कार्यों से बचाया जा सके। उत्तर प्रदेश की सालाना राज्य आय का 31.8 फीसद खेती से आता है। हालांकि यह प्रतिशत 1971 में 57, 1981 में 50 और 1991 में 41 था। इससे साफ है कि लोगों से खेती दूर हो रही है। खेती ज्यादा फायदे का पेशा नहीं रहा या फिर दीगर कारणों से लोगों का इससे मोहभंग हो रहा है।

**प्रवीण कुमार सिंह**

# कोरोना के कारण 14 करोड़ नौनिहाल स्कूल में अब तक पहला कदम नहीं रख पाये हैं

**बच्चों के पहला कदम स्कूल में नहीं रखने के कारण सीखने की समझ, लिखने की आदत, अन्य बच्चों या यों कहें कि घर से इतर के साथ तालमेल बैठाने, अभिभावकों से अलग कुछ घंटों तक स्कूल में रहने और सीखने सिखाने के दौर से बच्चा वंचित हो रहा है। शिक्षण संस्थाओं को हो रहे नुकसान से इतर देखने के प्रयास हमें करने ही होंगे। क्योंकि अब हालात अलग तरह के होने जा रहे हैं। कोरोना पहले और कोरोना बाद के हालात एकदम भिन्न प्रकार के हो गए हैं। कोरोना के रहते हमें पढ़ाई लिखाई जारी रखने के उपाय खोजने ही होंगे। इसके लिए जहां योग-व्यायाम के लिए समय तय करना होगा तो दूसरी और कक्षाओं में बच्चों के बैठने के बीच डिस्टेंस, सैनेटाइजर और हाथ धोने की समुचित व्यवस्था और मास्क की अनिवार्यता तो रखनी ही होगी। बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति भी गंभीर रहना होगा।**

ए फार एपल और अ से अनार तो दूर की बात है, कोरोना महामारी के कारण दुनिया के 14 करोड़ नौनिहाल स्कूलों में अपना पहला कदम भी नहीं रख पाए हैं। इसे कोरोना महामारी का साइड इफेक्ट ही माना जा सकता है। कोविड-19 के चलते जहां चीन ने नवंबर 2019 से ही असर दिखाना शुरू कर दिया था वहीं दुनिया के अनेक देशों खासतौर से यूरोपीय देशों में 2020 की शुरूआत से ही लॉकडाउन का दौर आरंभ हो गया था तो हमारे देश में मार्च के अंत में लॉकडाउन का दौर आरंभ हुआ और सब कुछ बंद हो कर रह गया या यों कहे कि घरों में कैद होकर रह गए। यह सिलसिला लंबा चला और जब थोड़े राहत के अवसर आने लगे तब तक दुनिया के अन्य देशों के साथ ही और भी अधिक भयावहता के साथ कोरोना की दूसरी लहर आ गई जिसका असर अब थोड़ा कम होने लगा है तो कोरोना के नए-नए वेरिएंट और अब तो तीसरी लहर का डर सताने लगा है। तीसरी लहर का असर खासतौर से बच्चों पर रहने की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। दुनिया के कुछ देशों में बच्चों के स्कूल खुलने भी लगे हैं तो अभिभावक डर के कारण बच्चों को स्कूल भेजने में कतराते हुए भी देखे जा रहे हैं।

यूनिसेफ की ताजातरीन रिपोर्ट के अनुसार नौनिहालों का स्कूल में पहले दिन का इंतजार अधिक लंबा होने के साथ ही अब चिंताजनक हो गया है। हमारे देश में बड़े बच्चों खासतौर से छठी के बाद व दसवीं से स्कूलों को खोले जाने का अलग-अलग राज्यों द्वारा निर्णय लिया गया है। अभी पूरी तरह से स्कूलों का खुलना किसी दिवा-स्वप्न से कम नहीं है। कहने को ऑनलाईन व दूरस्थ शिक्षा के माध्यमों को अपनाया जा रहा है पर ऑनलाईन शिक्षा का स्तर तो दूर की बात इसके साइड इफेक्ट अधिक सामने आ रहे हैं। दूसरा यह कि सभी अभिभावकों व बच्चों के पास एंड्राइड फोन हो ही यह भी तो जरूरी नहीं है। ऑनलाईन कक्षाओं के कारण बच्चों के पास मोबाइल आने से कई तरह के दुष्प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। खासतौर से अडल्ट साइटों और ऑनलाईन गेमों के चक्कर में बच्चे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। खैर यह तो अलग बात हो गई। पर एक बात साफ हो जानी चाहिए कि कोरोना का असर अभी जाने वाला नहीं है। वैक्सीनेशन के बावजूद इसके प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। अमेरिका में आधे से भी अधिक लोगों के वैक्सीनेशन के बावजूद मॉस्क फ्री करने का नतीजा सामने आ चुका है। ऐसे में कोरोना के प्रति गंभीरता तो रहेगी ही और रहनी भी चाहिए।



स्कूल के पहले दिन का क्रेज बच्चे से भी ज्यादा पेरेंट्स को रहता है। ऐसे में लगभग दो साल पूरी तरह से बर्बाद होने या यों कहें कि स्कूल में पहला कदम रखने वाले बच्चों के दो साल पूरी तरह से खराब हो जाना गंभीर चिंता का विषय है। यूनिसेफ, यूनेस्को और विश्वबैंक ने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सरकारों से कोरोना प्रोटोकाल की पालना के साथ जल्दी से जल्दी स्कूल खोलने का आग्रह किया जा रहा है। यह सब तब है जब पेरेंट्स में बच्चों को लेकर अत्यधिक अपेक्षाएं और प्रतिस्पर्धा होने लगी है। मजे की बात यह है कि यह हालात तब हुए हैं जब बच्चों को लेकर माता-पिता अति प्रतिस्पर्धा के दौर में चल रहे थे। हालांकि एक तर्क यह दिया जा सकता है कि बच्चा एक साल देरी से पढ़ना आरंभ कर भी देगा तो क्या फर्क पड़ेगा पर यह कहना जितना आसान है उतना आसान है नहीं। दरअसल आज के दौर में बच्चों को लंबा समय तो स्कूली परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने में ही लग जाता है।

बच्चों के पहला कदम स्कूल में नहीं रखने के कारण सीखने की समझ, लिखने की आदत, अन्य बच्चों या यों कहें कि घर से इतर के साथ तालमेल बैठाने, अभिभावकों से अलग कुछ घंटों तक स्कूल में रहने और सीखने सिखाने के दौर से बच्चा वंचित हो रहा है। शिक्षण संस्थाओं को हो रहे नुकसान से इतर देखने के प्रयास हमें करने ही होंगे। क्योंकि अब हालात अलग तरह के होने जा रहे हैं। कोरोना पहले और कोरोना बाद के हालात एकदम भिन्न प्रकार के हो गए हैं। कोरोना के रहते हमें पढ़ाई लिखाई जारी रखने के उपाय खोजने ही होंगे। इसके लिए जहां योग-व्यायाम के लिए समय तय करना होगा तो दूसरी और कक्षाओं में बच्चों के बैठने के बीच डिस्टेंस, सैनेटाइजर और हाथ धोने की समुचित व्यवस्था और मास्क की अनिवार्यता तो रखनी ही होगी। बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति भी गंभीर रहना होगा।

स्कूलों को अपना पैटर्न बदलते हुए बच्चों को दो पारियों में बुलाने या उनके समय में थोड़ा बदलाव भी रखा जा सकता है। हालांकि इन सब व्यवस्थाओं के कारण स्कूल प्रबंधन की लागत प्रभावित होगी और वे किसी ना किसी प्रकार से इस अतिरिक्त लागत को वसूलना ही चाहेंगे। यह तो हुई निजी स्कूलों की बात पर सरकारी स्कूलों को भी ठोस प्रयास करने होंगे। अब स्कूलों में पानी, बिजली की माकूल व्यवस्था नहीं होना अधिक समय तक नहीं चल सकेगा।

इसी तरह से भले ही समय में बदलाव करना पड़े पर एक कक्षा में सीमित संख्या में ही बच्चों की बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। कोरोना को देखते हुए स्कूलों में थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था फर्स्टएड की तरह रखनी ही होगी। सरकार को इस तरह का तंत्र विकसित करना होगा जिससे शिक्षण संस्थाएं सुचारू रूप से चल सकें और बच्चों की पढ़ाई का सिलसिला आरंभ हो सके। यह सब इसलिए भी जरूरी हो गया है कि अब धीरे-धीरे अधिकांश गतिविधियां पटरी पर आने लगी हैं। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन को प्राथमिकता देनी ही होगी। दुनिया के 14 करोड़ नौनिहाल तो स्कूल में पहला कदम रखने को तरस गए हैं जिसे अब दूर करना ही होगा।

# तालिबान समर्थित स्वरों के निहितार्थ

**जन्माष्टमी पर बालरूप में श्रीकृष्ण की स्थापना की जाती है।वैसे मनोकामना के अनुसार जिस स्वरूप को चाहें ,श्रीकृष्ण को उस रूप में स्थापित कर सकते हैं।प्रेम और दाम्पत्य जीवन के लिए राधा कृष्ण रूप, संतान के लिए बाल श्रीकृष्ण रूप और सभी मनोकामनाओं के लिए बांसुरी के साथ श्रीकृष्ण की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठित करें।जन्माष्टमी को शंख और शालिग्राम की स्थापना भी की जा सकती हैं।श्रीकृष्ण विग्रह के श्रृंगार में फूलों का खूब प्रयोग करें। पीले रंग के वस्त्र, गोपी चन्दन और चन्दन की सुगंध से विग्रह का श्रृंगार करें।**

अफगानिस्तान में भय दिखाकर तालिबान द्वारा किए गए कब्जे के बाद भारत में समर्थन करने जैसे स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। हालांकि कुछ लोगों ने ऐसे स्वर निकालने के बाद या तो उस पर सफाई दे दी है या फिर वे शांत हो गए हैं। इसके पीछे एक मात्र कारण यह भी हो सकता है कि अब भारत देश का जो वातावरण दिख रहा है, वह पहले जैसा नहीं है। पहले के समय में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम कई लोग ऐसे बयान देने वालों के समर्थन में भी खड़े होते दिखाई दिए। तालिबान के आतंक के विरोध में बढ़ रहे स्वरों को देखकर यह तो समझा जा सकता है कि जिस प्रकार से आतंकी सरगना लादेन के समर्थन में खुलकर स्वर सुनाई दे रहे थे, जिस प्रकार याकूब मेनन के जनाजे में हजारों की भीड़ शामिल हुई, इससे बहुत लोगों की आंखें भी खुली हैं। लेकिन अब जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने तालिबान के बहाने केन्द्र सरकार को चेतावनी भरे अंदाज में कहा है कि ह्यसुधर जाओ, हमारे सब्र का इम्तिहान मत लो, मिट जाओगेज। महबूबा मुफ्ती का यह बयान निश्चित ही कश्मीर की स्थिति को फिर से बिगाडने का संकेत दे रहा है। ऐसा लगता है कि महबूबा मुफ्ती को पहले के बयानों के चलते जिस प्रकार की आलोचना झेलनी पड़ी, उससे उन्होंने कोई सबक नहीं लिया। महबूबा मुफ्ती का बयान निसंदेह तालिबानी अंदाज वाला ही है। महबूबा को समझना चाहिए कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतांत्रिक पद्धति से चुनी गई सरकार जनता की आकांक्षाओं के अनुसार ही बनती है। महबूबा मुफ्ती का बयान एक प्रकार से जनता का अपमान भी है। इतना ही नहीं महबूबा ने यह बयान देकर सीधे तौर पर आतंक का समर्थन करने वाली भाषा ही बोली है। ऐसा नहीं है कि आतंक को प्रश्रय देने वाला यह बयान पहली बार आया है, इससे पहले भी वे कई अवसरों पर पाकिस्तान परस्ती बयान दे चुकी हैं।

वास्तव में उचित यही होता कि महबूबा मुफ्ती अफगानिस्तान में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आवाज उठातीं, लेकिन एक महिला के होने के बाद भी उन्होंने इसके बारे में कुछ भी नहीं बोला। अफगानिस्तान में तालिबान भले ही महिलाओं को लेकर अच्छी राय प्रदर्शित करने वाले बयान दे रहा हो, लेकिन जिस प्रकार के दृश्य सामने आ रहे हैं, उससे यही लगता है कि वे महिलाओं को ज्यादा अधिकार देने की मानसिकता में नहीं हैं। महबूबा मुफ्ती एक मुस्लिम के साथ ही राजनेता भी हैं, लेकिन उनका बयान ऐसा कतई नहीं माना जा सकता कि उन्हें राजनेता की श्रेणी में माना जाए, वे विशुद्ध रूप से मुस्लिम मानसिकता के वशीभूत होकर ही बयान दे रही हैं। ऐसे ही बयानों के चलते पाकिस्तान को भारत पर आघात करने का अवसर मिल जाता है। हम जानते ही हैं कि भारत में पाकिस्तान परस्त मानसिकता के कारण ही आतंकी समूह सक्रिय हो जाते हैं। जम्मू कश्मीर में इसके प्रमाण भी मिल चुके हैं।

जहां तक अफगानिस्तान में तालिबानी आतंक की बात है तो इससे भारत के शत्रु देश चीन और पाकिस्तान अंदरूनी तौर पर उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि तालिबान को पाकिस्तान में फल फूल रहे आतंकी सरगनाओं को पूरा समर्थन भी मिल रहा है। जो आतंकवादी भारत के सिरमौर कश्मीर में लोगों को बरगलाने का कार्य करते हैं, देर सबेर इन्ही आतंकियों को तालिबान का सहारा मिलेगा और यह स्थिति कश्मीर में फिर से वैसी ही स्थिति पैदा करने का मार्ग तैयार करने वाली है, जो जम्मू कश्मीर में पहले बनी थी। आज जम्मू कश्मीर पूरी तरह से बदला हुआ है। वहां जनमानस सुख शांति की राह पर कदम बढ़ाने के लिए तैयार हो रहा है, ऐसे में महबूबा मुफ्ती का बयान किस प्रकार की मानसिकता का प्रदर्शन कर रहा है। बड़ा सवाल यह है कि महबूबा मुफ्ती भारत देश की नेता हैं या फिर तालिबान की? यह बात सही है कि तालिबान मुस्लिम संप्रदाय के हिसाब से शासन करने की वकालत करता है, जिसमें लोकतंत्र जैसी कोई गुंजाइश भी नहीं है। महबूबा मुफ्ती का धमकी भरा बयान भारत में तालिबानी संस्कृति पैदा करने की ओर ही इशारा करता है।

जहां तक अपने पंथ और संप्रदाय की बात है तो इसे सभी को मानने का अधिकार हमारा संविधान प्रदान करता है, लेकिन जिन बयानों से देश का वातावरण बिगडने का संकेत मिलता है, ऐसे बयान निश्चित ही राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में ही आते हैं। महबूबा मुफ्ती को अपने संप्रदाय से ऊपर उठकर देश के बारे में भी सोचना चाहिए, लेकिन उन्होंने अपने ही देश की सरकार को चेतावनी दे दी।

तालिबान ने अफगानिस्तान में जो कृत्य किया है, उसे अफगानियों की दृष्टि से देखा जाए तो यही लगता है कि तालिबान ने लोगों की स्वतंत्रता पर कुठाराघात किया है। तालिबान के शासन के बाद अफगानिस्तान के नागरिकों को अपने मनमुताबिक जीवन जीने का कोई भी अधिकार नहीं मिलेगा। इसे व्यक्तियों के स्वत्व पर हमला निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। सवाल यह भी है कि जो लोग भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कुछ भी बोलने को जायज ठहराते हैं, उन्हें भी तालिबान का रवैया पसंद आ रहा है। जिन लोगों को भारत देश में रहने से डर लगता था, वह भी तालिबान की घटना पर मौन धारण करके बैठ गए हैं। सबसे बड़ी बात यह भी है कि किसी मुस्लिम के साथ कोई गैर मुस्लिम ऐसा कार्य करता तो पूरे विश्व के मुसलमान आवाज उठाने लगते। लेकिन तालिबान यही कार्य कर रहा है, तब सबकी बोलती बंद हो गई है।

तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर किए गए कब्जे के बाद निश्चित रूप से उन दिनों की कल्पना होने लगी है, जब अफगानिस्तान पर मुगलों ने आक्रमण किया होगा। हम जानते हैं कि एक समय अफगानिस्तान भारत का ही हिस्सा था, जिसे भारत से अलग करके अलग देश बना दिया। महाभारत की गांधारी का गांधार क्षेत्र इसी अफगानिस्तान का हिस्सा ही था। इसलिए यह कहा जा सकता है कि आज अफगानिस्तान में जो मुस्लिम हैं, वे सभी एक समय हिन्दू ही थे। इसी प्रकार भारत के मुसलमान भी मुगलों के वंशज नहीं हैं। वे सभी हिन्दू ही थे, वे अपने पूर्वजों का अध्ययन करेंगे तो उन्हें भी अपने पूर्वजों में राम कृष्ण दिखाई देंगे। लेकिन यह विसंगति है कि मुसलमान समाज अपने पूर्वजों द्वारा की गई अतीत की गलतियों से कोई सीख नहीं ले रहा। यह सभी स्मरण में रखना चाहिए कि जब देश रहेगा, तब ही हमारा अस्तित्व रहेगा।जहां तक मुसलमानों के सुरक्षित जीवन यापन का सवाल है तो विश्व के गैर मुस्लिम देशों में ही मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित है। जबकि मुस्लिम देशों में आपस में ही मारकाट करने की प्रतियोगिता जैसी ही चल रही है। अफगानिस्तान इसका जीता जागता प्रमाण है।

गौरवशाली भारत के स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91
से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI, No. DELHIN383334, E-mail: gauravashalibarat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

# जन्म अष्टमी के अवसर पर सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करे भगवान कृष्ण: सिद्धू

» (एजेंसी)



लुधियाना। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरे देश में भक्ति और श्रद्धा के साथ 30 अगस्त को मनाई जा रही है ।भगवान श्री कृष्ण सभी देशवासियों पर कृपा करें ताकि भारत के लोग शांति और सद्भाव से अपना जीवन व्यतीत कर सकें। उक्त शब्द एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू सदस्य कार्य समिति भारतीय जनता पार्टी पंजाब ने श्री दुर्गा माता मंदिर समिति बी आर एस नगर के सदस्यों से जन्माष्टमी का निमंत्रण पत्र लेते हुए कहे ।उन्होंने इस शुभ अवसर पर लुधियाना के लोगों को बधाई दी और कामना की कि भगवान कृष्ण हर शहरवासी की इच्छाओं को पूरा करें और उसे कोरोना जैसी महामारी के प्रकोप से बचाएं। इस अवसर पर श्री दुर्गा माता मंदिर बी आर एस नगर से शमशेर बख्शी, नीरज जैन, संजीव शेरू सचदेवा, ओम प्रकाश, बाबा परमजीत नरूला, बरजिंदर मोदगिल आदि उपस्थित हुए।

# केंद्र सरकार की विभिन बचत योजनाओं को लेकर पीपली वाला टाऊन में शिविर लगाया

» (एजेंसी)



चंडीगढ। केंद्र सरकार की विभिन बच्चत योजनाओं को लेकर यहां मनीमाजरा सेक्टर 13 के पिपलीवाला टाऊन में के लोगों के लिए एक जागरूकता शिविर लगाया गया। पिपलीवाला रेजीडैंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से लगाए गए इस जागरूकता शिविर में भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर 22 डी की शाखा की ओर से लोगो को केंद्र सरकार की विभिन्न बच्चत योजनाओं को लेकर जानकारी दी गई और मौके पर लोगो के खाते भी खोले गए। भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर 22 डी शाखा की मुख्य प्रबंधक तन्वी अग्रवाल ने बताया की केंद्र सरकार की ओर से घोषित विभिन्न समाज भलाई की बच्चत योजनाओ को जन जन तक पहुंचने के किये इस तरह के कैंप लगाए जाते है। ऐसे कैंपों में लोगो को सरकार की विभिन बच्चत और लाभकारी योजनाओं के बारे में सीधे तौर पर जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ साथ मौके पर ही लभार्थियों और पात्र लोगो के बैंक खाते भी खोलने में सहायता की जाती है। उन्होंने बताया की आज यहां मनीमाजरा के पीपली वाला टाऊन में लगाए गए इस कैंप में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, जैसे कि अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री बीमा योजना , प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना और सुकन्या समृधि योजना सहित अन्य योजनाओं के तहत लगभग 200 पात्र लोगो के खाते खोले गए। उन्होंने बताया कि इस तरह के कैंप लगाने का मुख्य उद्देश्य सरकार कि योजनाओं को रूरल स्तर तक पहुचानां होता है। रेजीडैंट्स वेलफेयर एसोसिएशन पिपलीवाला टाऊन के अध्यक्ष रमेश गोयल ने एसबीआई की सेक्टर 22 डी शाखा की ओर से उनके क्षेत्र वासियों के लिए लगाए गए इस शिविर को लेकर धन्यवाद किया।

## इस्त्री सत्संग सभा की ओर से शुक्राना समागम कराया

» (एजेंसी)

दुगरी गुरुद्वारा पहली और छेवी पातशाही में इस्त्री सत्संग सभा द्वारा कीर्तन समागम कराया गया इस अवसर पर बीबी जसलीन कौर ने कीर्तन किया पुता माता की असीस बच्ची नदर प्रीत कौर को जन्मदिन पर आशीर्वाद दिया और गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में अरदास की गई और गुरु का अटूट लंगर भी बाटा गया इस अवसर पर बच्ची नदर प्रीत ने भी कीर्तन की हजारी लगाई और संगतों का आशीर्वाद लिया इस अवसर पर इस्त्री सत्संग द्वारा बीबी जसलीन कौर को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

## खबर एक नजर

### जत्थेदार डंग ने वार्ड 46 में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने के कार्य का किया शुभारंभ



संवाददाता, लुधियाना।2013 शिरोमणि अकाली दल के राष्ट्रीय महासचिव जत्थेदार हरभजन सिंह डंग ने रु. इस मौके पर जत्थेदार डंग ने कहा कि यहां टाइल्स के अलावा पाइप लाइन भी बिछाई जाएगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।श्री गुरचरण सिंह टक्कर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा अकाली दल श्री हरप्रीत सिंह सोनी डांग, श्री चरणजीत सिंह पीएसबी, श्री कमलदीप सिंह बहल, श्री मानसिमरन सिंह हरजीत सिंह छाबड़ा, श्री जसविंदर सिंह एसडीओ, श्री सुमित कुमार एसडीओ इस अवसर पर श्री सोनू कुमार, श्री सरबजोत सिंह सन्नी सहित कई अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित थे।बिजली विभाग के कर्मचारियों ने क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए जत्थेदार डंग का भी आभार जताया।

### पत्रकार के खिलाफ दी शिकायत ऐसे लोग कर रहे हैं पत्रकारो की छविः दीपक सिंगला

संवाददाता, लुधियाना ।मंडी बोर्ड में सुपरवाइजर लगे दीपक सिंगला ने जालंधर से छपने वाली खबर के पत्रकार के खिलाफ लुधियाना डिप्टी कमिश्नर, मंडी बोर्ड के डी एम ओ, और पुलिस थाने में शिकायत की है दीपक ने बताया कि ऐसे ब्लैक मेल पत्रकार पत्रकारो की छवि को खराब कर रहे हैं अगर इस पत्रकार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे पंजाब में मंगलवार से धरना प्रदर्शन किया जाएगा दीपक ने बताया कि मेरा काम जो है वो कर रहा था मगर इस खुराना नाम के पत्रकार ने पूरे स्टाफ के सामने गलियां निकाली और हाथ भी उठाया जिसकी शिकायत सभी उच्च अधिकारियों को कर दी गई है मंडी बोर्ड की यूनियन मंगलवार तक इंसाफ का इंतजार करेगी उसके बाद पूरे पंजाब में संघर्ष जारी किया जाएगा।

### अनिल विज के निशाने पर आज फिर सिद्धू आए

संवाददाता, चंडीगढ़।हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज के निशाने पर आज फिर पंजाब के कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू आ गए और उन्होंने सिद्धू पर तंज कसते हुए कहा कि जब अपने ही घर की ईट से ईट बजाने की बात कोई करने लगे तो समझ लो उस घर के धराशाई होने में देर नहीं है।विज ने यह बात आज यहां ट्वीट करके कहीं।उन्होंने ट्वीट करके बताया कि 'पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू (मिस्त्री) ईंट से ईंट बजाने की बात कर रहे हैं ।जब कोई मिस्त्री अपने ही घर की ईंटे उठा उठा कर फैंकने लगे तो समझ लो अब उस घर के धराशाही होने में देर नही है' ।गौरतलब है कि नवजोत सिंह सिद्धू के ऐसे बयानों को लेकर पहले भी अनिल विज के निशाने पर आते रहे हैं और उन्होंने पहले भी नवजोत सिंह सिद्धू के संबंध में कई टिप्पणियां की हैं।इन टिप्पणियों में सिद्धू को एक प्रकार से नसीहत व मार्ग प्रशस्त करने वाली ही बात होती है।

### बीमारियों से बचने के लिये संयमित जीवन जीना जरूरी - सत्य पाल जैन

संवाददाता, चण्डीगढ़ 28 अगस्त, 2021. चण्डीगढ़ के पूर्व सांसद एवं भारत सरकार के अपर महासालिसिटर श्री सत्य पाल जैन ने कहा कि संयमित जीवन, संयमित खाना, संयमित व्यायाम तथा संयमित रूप से शरीर की देखभाल की जाये तो शरीर में आने वाले कष्ट एवं दूःखों से बचा जा सकता है।उन्होंने कहा कि वास्तव में अच्छी सेहत जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यदि व्यक्ति की सेहत ठीक हो तो बाकि चीजों का प्रबंधन अधिक सरलता से किया जा सकता है।जैन आज प्रातः चण्डीगढ़ के सैक्टर 16 में स्थित गांधी भवन में 'विद्युत ट्रस्ट' तथा 'योग इंडिया फाउंडेशन भारत' द्वारा दो दिवसीय ह्यदर्द प्रबंधन कार्यशाला' (पेन मैनेजमैंट वर्कशॉप) का उद्घघाटन करने के बाद मुख्यतिथि के नाते उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

### एन.एच.एम के कर्मचारियों ने हड़ताल में लिया हिस्सा



संवाददाता, चंडीगढ़।चंडीगढ़ प्रशासन के अधीन एन.एच.एम के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के छठे दिन में प्रवेश कर गए। प्रशासनिक ब्लॉक में अवकाश होने के बावजूद एन.एच.एम के सभी कर्मचारियों ने आज की हड़ताल में हिस्सा लिया।सचिव स्वास्थ्य द्वारा दिए गए बयान के अनुसार, यह स्पष्ट है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का एन.एच.एम कर्मचारियों के वेतन वृद्धि से कोई प्रावधान नहीं है। केंद्र सरकार ने वेतन वृद्धि की भागीदारी के भुगतान करने से इनकार कर दिया है । इसलिए अब यह स्पष्ट है कि, हमारी मांगों को वित्त विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन, यू.टी के वित्त विभाग के योगदान से पूरा किया जा सकता है ।

# भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने की करनाल में किसानों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा

## अन्नदाता पर लाठियां बरसाना अलोकतांत्रिक और अमानवीयः हुड्डा

» (एजेंसी)



चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने करनाल के बसताड़ा टोल प्लाजा पर किसानों के खिलाफ हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। हुड्डा ने कहा कि किसान बीजेपी के कार्यक्रम से लगभग 15 किलोमीटर दूर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। बावजूद इसके पुलिस ने वहां जाकर उनपर लाठियां बरसाई। यह कार्रवाई सरकार के मंसूबों को जगजाहिर करती है। ऐसा लगता है कि सरकार पहले ही किसानों को लहुलुहान करने का मन बना चुकी थी। इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

हुड्डा का कहना है कि अन्नदाता का खून बहाना बीजेपी-जेजेपी सरकार की आदत बन चुकी है। पहले सरकार जानबूझकर टकराव के हालात पैदा करती है और फिर अलोकतांत्रिक, अमानवीय, तानाशाही और क्रूर तरीके से किसानों पर कभी वॉटर कैनल, कभी आंसू गैस तो कभी लाठी-डंडों से हमला कर देती है। यह पहला मौका नहीं है जब सरकारी लाठियों से किसान लहुलुहान हुए हों।

इससे पहले भी पीपली, कुंडली, पलवल, हिसार, रोहतक, पंचकूला और सिरसा समेत पूरे हरियाणा में सरकार ने अन्नदाता का खून बहाया है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार लोकतंत्र को लठतंत्र बनाने की कोशिश ना करे। लोकतंत्र में लाठी-डंडों के दम पर नहीं, सरकारें लोगों का दिल जीतकर चलाई जाती हैं। सरकार को जनता के साथ टकराव नहीं, संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए। अगर गठबंधन सरकार किसानों का कुछ भला करना और आंदोलन को खत्म करवाना चाहती है तो उसे केंद्र सरकार से बात करनी चाहिए। ताकि आंदोलनकारियों और किसानों के साथ फिर से बातचीत शुरू हो। सरकार को किसानों की मांगें मानते हुए आंदोलन का सकारात्मक समाधान निकालना चाहिए। लोकतांत्रिक आंदोलन को सरकारी डंडे के दम पर कुचलने की कोशिश निहायत ही निंदनीय है।

## बिना तैयारी के विद्यालयों को खोलाना मतलब बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ करना हैः आदेश गुप्ता

» (एजेंसी)

नई दिल्ली ।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार का एक सितंबर से कक्षा 9 से 12 तक के सभी विद्यालय और कोचिंग संस्थान को खोलने का फैसला लेना किस हद तक सही है, यह समय बताएगा, लेकिन फिलहाल जिस तरह से शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने अपनी प्रेसवार्ता में कोविड प्रोटोकॉल के पालन करवाने की जिम्मेदारी विद्यालयों के ऊपर थोपी है, उससे साफ है कि वह बच्चों के जीवन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जिम्मेदारियों से छुटकारा पाना चाहते हैं और दिल्ली सरकार के पास अभी तक विद्यालयों के लिए कोविड गाइडलाइन्स की कोई रुप-रेखा नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिस सर्वे के आधार पर केजरीवाल सरकार ने विद्यालय खोलने का फैसला लिया है, उस सर्वे को भी लोगों के बीच सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि हर किसी को पता चल सके कि विद्यालय खोलने का फैसला लोगों के सहमति पर ही लिया गया है।

गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने बच्चों को विद्यालय भेजने की जिम्मेदारी अभिभावकों पर छोड़ कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कोविड से निपटने की कार्य योजना, इच्छाशक्ति और मंशा केजरीवाल के पास ना ही पहले थी और ना ही आज है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि अब ऐसा लगता है कि दिल्ली की जनता के जीवन की तरह ही हमारे बच्चों का जीवन भी भगवान भरोसे हैं क्योंकि स्कूल खोलने का फरमान बिना तैयारी के जारी करना एक खोखले ऐलान से ज्यादा कुछ नहीं है।

संवाददाता सम्मेलन के दौरान सवाल पूछे जाने पर मनीष सिसोदिया स्वयं अपनी तैयारियों को लेकर अस्पष्ट और असहज लगे।

## इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर के मशहूर सर्जन और विशेषज्ञ 12 लाइव सर्जरी करेंगे

» (एजेंसी)

नई दिल्ली। कोरोनावायरस महामारी के दौरान रीढ़( स्पाइन) से संबंधित समस्याओं के मामले काफी बढ़ गए हैं, इसलिए एसोसिएशन ऑफ स्पाइनल सर्जन ऑफ इंडिया (एएसएसआई) स्पाइनल कॉर्ड सोसाइटी और इंडियन स्पाइनल इंजरीज सेंटर के सहयोग से ,होनद, वाले तीन दिवसीय वर्चुअल इवेंट में स्पाइन और लाइव स्पाइन सेशन में इंस्ट्रक्शन (निदेर्शात्मक) कोर्स आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस प्रोग्राम का नाम ' नुकसानग्रस्त रीढ़ः बेसिक से एडवांस मेनेजमेंट' है।इस कार्यक्रम में जापान और कनाडा के 25 अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी के साथ-साथ उनके 50 से ज्यादा भारतीय समकक्ष हिस्सा लेंगे। ट्यूबलर रिट्रैक्टर का उपयोग करते हुए टकरर पर छह मास्टर क्लास सेशन आयोजित होंगे, सर्वाइकल स्पाइन सर्जरी में कॉम्प्लिकेशन, सर्वाइकल डिस्क रिप्लेसमेंट (उऊफ), डिजेनरेटिव स्कोलियोसिस, द सर्विकोथोरेसिक जंक्शन और सर्जिकल रेडियोलॉजी,डिजेनेरेटिव सर्वाइकल मायलोपैथी, स्पोंडिलोलिसिस और स्पोंडिलोलिस्थीसिस, असफल बैक सिंड्रोम, इसके बाद डिजेनरेटिव थोरैसिक मायलोपैथी पर 36 केस-आधारित चर्चा होगी।

# राज्य कर्मचारीयों को मिली रही है कैशलेस सुविधा

» (एजेंसी)



झुंझुंनू। राज्य सरकार की राज्यकर्मचारियों के लिए शुरू की गयी नयी सेवा फक्र्र्लर कैशलेस सुविधा का राज्यकर्मचारियों को फायदा मिलने लगा है, नसरिन बानो को पित्त की थेली में पत्थरि (कोलीसीसटेकटोमी) के तेज दर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहाँ उनका फक्र्र्लर योजना के अंतर्गत कैशलेस योजना में तत्काल सफल ऑपरेशन डॉक्टर अमित कुमार (जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन) के द्वारा किया गया साथ ही उनको उच्चश्रेणी के लाभ के अंतर्गत वातानुकूलित कॉटेज की सुविधा भी प्रदान की गयी, इसी तरह मरीज सुनीता निवासी भुकाना को इमर्जेन्सी में लेबर पैन होने पर अस्पताल में भर्ती किया गया एवं इमर्जेन्सी सीजेरियन डिलीवरी की गयी और उन्होंने स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया।

आज जच्चा बच्चा को स्वस्थ कंडिशन में चेहरे पर मुस्कुराहट के साथ छुट्टी दी गयी। दोनो ही महिला मरीजों ने सरकार के कैशलेस इलाज की सुविधा से बहूत ही खुशी जाहिर की साथ ही सरकार एवं अस्पताल का शुक्रिया अदा किया।

दोनो ही मरीज अस्पताल के स्टाफ एवं अस्पताल की सुविधाओं से बहूत खुश थी।

आर एंड आर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में आरजीएचएस, ईसीएचएस, चिरिंजीवी योजना एवं आयुष्मान भारत योजना में निशुल्क इलाज की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है एवं अस्पताल के 9 डॉक्टर की टीम हर समय मरीजों की सेवा में तत्परता से लगी रहती है।

## डॉ. सलाऊदीन चोपदार की याद में बनेगा 20 करोड़ की लागत से हॉस्पिटल, प्रथम पुण्यतिथि 6 सितम्बर को होगा शिलान्यास

» (एजेंसी)

झुंझुनूं।झुंझुनूं के समाज सेवी एवं भामाशाह रहे मरहूम डॉ. सलाऊदीन चोपदार संस्थापक डॉ.एसडी चोपदार फाउंडेशन, झुंझुनूं की प्रथम पुण्यतिथि आगामी 06 सितम्बर 2021 को जिला मुख्यालय स्थित घ-5, मान नगर, नगर परिषद के सामने आयोजित की गई है।डॉ.एसडी चोपदार की मंशा थी कि झुंझुनूं जिले के लोगों को एक बड़ा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाकर दिया जाएं, जिसमें सम्पूर्ण सुविधाएं हो, जो जिले के नागरिकों के लिए नॉ प्रोफिट नॉ लॉस पर कार्य करें।

उसी को देखते हुए डॉ.एसडी चोपदार फाउंडेशन करीब 20 करोड़ की लागत से हॉस्पिटल बनाने जा रहा हैं, जिसकी नींव, शिलान्यास डॉ. चोपदार की प्रथम पुण्यतिथि पर किया जाएगा। ये जानकारी फाउंडेशन डायरेक्टर एमडी चोपदार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी।

## युवा उद्यमशीलता सम्मेलन का हुआ आयोजन

» (एजेंसी)

वैश्विक एलायंस फॉर मॉस एन्ट्रप्रेनेयूरशिप (GAME) तथा युवाह! - जेनरेशन अनलिमिटेड इंडिया द्वारा युवा उद्यमशीलता (YE) सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें इस क्षेत्र में कार्यरत अग्रणी उद्यमियों को आमंत्रित किया गया और इसका आयोजन वर्ल्ड एन्ट्रप्रेनेयूरशिप दिवस को ही किया गया। इस सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य सहयोग और साझेदारी का सृजन करना है ताकि एक व्यवहारिक और महत्वकांक्षी कैरियर मार्ग के रूप में युवा उद्यमियों को बढ़ावा दिया जा सके।

सम्मेलन में पैनल चचाएं शामिल थी जिनमें युवा उद्यमशीलता को एक आंदोलन के रूप में बदलने के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया। सत्रों में युवा उद्यमियों और सहयोग के लिए संभावित अवसरों और एक सशक्त इकोसिस्टम तैयार करने पर चचाएं की गई थीं। इस क्षेत्र में GAME द्वारा की गई विभिन्न पहल तथा अगली पीढ़ी के उद्यमियों की प्रगति के लिए साझेदारों के साथ सहयोग किस प्रकार से एक सही इकोसिस्टम प्रदान कर सकता है, इस विषय पर भी चर्चा की गई थी।

इस कार्यक्रम में युवा उद्यमशीलता कार्यक्रम - 'युवोद्यमी' से संबंधित संयुक्त कार्यबल को भी आधिकारिक रूप से लांच किया गया।

# हिन्दू जनजागृति समिति का कबीर खान से प्रश्न

» (एजेंसी)

विगत सप्ताह ही अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा सत्ता नियंत्रण में लेने पर वहां की जनता पर किए जा रहे अत्याचार और देश से पलायन करने हेतु नागरिकों द्वारा किया जा रहा संघर्ष दिखाई दे रहा है ।12 वर्ष की बच्चियों को ढूंढकर बलपूर्वक ले जाने से लेकर पत्रकार और नागरिकों की हत्या करने तक का सत्य आधुनिक माध्यम, विश्व के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं । विगत सत्ताकाल में तालिबानियों ने बामियान की प्राचीन बुद्धमूर्ति किस प्रकार उद्धवस्त की, यह सभी ने देखा है । वर्तमान आधुनिक काल में अल्पसंख्यक और अन्य पंथियों के श्रद्धास्थानों पर इतने अत्याचार किए जा रहे हो, तो 700-800 वर्षों पूर्व भारत पर आक्रमण करनेवाले मुगल आक्रांताओं ने कितने अत्याचार किए होंगे, इसकी कल्पना भी हम नहीं कर सकते ! यह सभी सत्य छुपाने के लिए भारत का एक विशिष्ट गुट प्रयासरत है । टीपू सुल्तान को 'देशभक्त' घोषित करने से लेकर औरंगजेब को 'सूफी संत' बताने हेतु उनके प्रयास चल रहे हैं । भारत का बॉलीवुड तो इसमें प्रथम स्थान पर है । पाकिस्तान द्वारा भारत पर आक्रमण कर सैनिकों की हत्या करने का दुःख उन्हें नहीं होता; परंतु वे पाकिस्तानी कलाकारों को भारत में लाकर उनसे भाईचारा दर्शाकर उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाते हैं । इसी कडी में ह्यदी एम्पायरह्म नामक बाबर का माहिमामंडन करनेवाली वेबसीरीज प्रदर्शित हो रही है, उसी समय बॉलीवुड के एक दिग्दर्शक कबीर खान को मुगल ही खरे 'राष्ट्र निमार्ता' होने का बोध हुआ है । उन्होंने कहा 'मुगल और मुसलमान शासकों को खलनायक दिखाना चिंताजनक है ।

# संस्कृत भाषा के विकास में मील का पत्थर साबित होगी संस्कृत अकादमी : दिनेश शास्त्री

» (एजेंसी)



सिवानी मंडी ।शहर में स्थित श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल में शनिवार को हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकूला एवं अखिल भारतीय संस्कृत विकास परिषद हरियाणा के तत्वावधान में भाषा शिक्षक गौरव सम्मान एवं एक दिवसीय राष्ट्रीय संस्कृत विद्वत्संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकूला के निदेशक डॉ. दिनेश शास्त्री रहे।विद्यालय प्रवक्ता पवन जांगड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कुमार नवीन और कार्यक्रम के संरक्षक पंडित मिथिलेश शर्मा अध्यक्ष अखिल भारतीय संस्कृत विकास परिषद हरियाणा रहे। कार्यक्रम में एक तरफ जहां कोरोना काल में संस्कृत भाषा का महत्व और संस्कृत भाषी प्रबुद्ध जीवियों के योगदान को लेकर चर्चा का विषय रखा गया तो वहीं संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में शिक्षक की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ होने से पहले विद्यालय के कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के बीच अंतरसदनीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका मंच संचालन विद्यालय के अध्यापक नरेंद्र दत्त सुयाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देते हुए आचार्य जगदीश चहल ने कहा कि किसी भी भाषा का विरोध उचित नहीं होता बल्कि उसकी उपयोगिता को व्यवहार में लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग और वैज्ञानिकता में समझौता न करें बल्कि दोनों की उपयोगिता को ध्यान में रखकर अपनी संस्कृति और संस्कृत को बढ़ाने के लिए अग्रसर रहना चाहिए। पंडित मिथिलेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना काल में नियमित दिनचर्या और योग साधना से विकार मुक्त हो सकते हैं। योग एक औषधि है जो व्यक्ति को नियमित रूप से ग्रहण करनी चाहिए। वहीं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए डॉ. अशोक मिश्र ने कहा कि संस्कृत वेदों की भाषा रही है। जिसका दौर फिर से लाने की आवश्यकता है। तो वहीं देवदत्त शास्त्री ने भी संस्कृत को संस्कृति का आधार बताया और शिक्षक को बच्चों में संस्कृति और संस्कृत का प्रसार करने की भावना पर जोर देने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस बलहरा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा विद्यालय संस्कृत भाषा के प्रसार के लिए सदैव तत्पर रहता है और इसी कड़ी में प्रातःकालीन सभा हर रोज संस्कृत श्लोक बोलकर दिन की शुरूआत की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ दिनेश शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि हम कक्षा तीसरी से बारहवीं तक संस्कृत को अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाए जाने के लिए प्रयासरत हैं और वहीं भिवानी में संस्कृत शिक्षा बोर्ड का गठन किया जा रहा है। वर्तमान समय में हरियाणा प्रदेश में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए कैथल जिले के मुँदरी में संस्कृत विश्विद्यालय चलाया जा रहा है और वहीं संस्कृत भाषा के विकास में संस्कृत अकादमी मील का पत्थर साबित होगी।

कार्यक्रम के इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यालय के अन्तरसदनीय विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इस प्रकार का अनुशासन उन्होंने किसी भी दूसरे विद्यालय में नहीं देखा। उन्होंने कहा कि बच्चों की बॉडी लैंग्वेज और आत्मविश्वास की झलक उनके अंदर देखने को मिल रही थी। कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य एस एस बलहारा, सत्यपाल शर्मा, रेखा रानी, डॉ मुरलीधर, देवदत्त आर्य, डॉ दलीप खर्ब, मुकेश कुमार, सुशील शास्त्री, कपिल आनंद, नरेंद्र दत्त, भूपेंद्र शास्त्री और महासिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अंतरसदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी किया गया आयोजन।

विद्यालय में कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के बीच अन्तरसदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे प्रत्येक सदन से दो-दो बच्चों को शामिल किया गया।

विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य एस एस बलहारा ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लें प्रशासन अन्यथा विधानसभा का घेराव होगा

**भोपाल, (एजेंसी)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की प्रदेश स्तरीय बैठक आदित्य श्री फंदा रिसॉर्ट में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश व संभाग के पदाधिकारियों के अतिरिक्त 40 जिलों के अध्यक्ष प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने में विचार रखे। बैठक में प्रदेश के नवीन पदाधिकारी में नियुक्ति भी की गई। इस दौरान बताया गया कि रतलाम पुलिस प्रशासन द्वारा करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर पर प्रकरण दर्ज किया है, इसे सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले। अन्यथा संगठन के पदाधिकारी विधानसभा का घेराव करने को विवश होंगे। साथ ही ईडब्ल्यूएस आरक्षण में राजस्थान सरकार की तरह भूमि व मकान की शर्तें हटाई जाए, उम्र में भी छूट का प्रावधान किया जाए। शिक्षक भर्ती सहित अन्य भर्तियों में कटऑफ मार्क्स ओबीसी के बराबर किए जाएं। बैठक में मांग की गई कि एसटी एससी एक्ट में जांच के उपरांत गिरफ्तारी हो। पदमावत फिल्म के समय लगाए गए मुकदमे शीघ्र वापस हो, स्वर्ण आयोग का गठन शीघ्र करें और कोरोना काल को देखते हुए सभी भर्तियों में सभी वर्ग को उम्र में दो वर्ष की छूट दी जाए। इसके साथ ही करणी सेना के पदाधिकारियों पर द्वेषता पूर्वक की जा रहीं कार्यवाही को तुरंत रोकी जाए। उपरोक्त मांगों को लेकर करणी सेना पूरे प्रदेश में बैठक व कार्यक्रम शुरू करेगी, जिसमें स्वर्ण समाज के सांसदों एवं विधायकों से खुला संवाद करेगी तथा प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज मुकदमा वापस नहीं लेने व अन्य मांगों को पूरा नहीं होने पर प्रदेश स्तरीय आंदोलन कर आगामी सत्र में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव पंकज सिंह पुरनी, प्रदेश संगठन मंत्री शैलेन्द्र सिंह झाला, प्रदेश सचिव अजीत सिंह डोडिया, भोपाल जिला अध्यक्ष अजीत सिंह सोलंकी, शेर सिंह, कृष्णा बुन्देला, योगेन्द्र सिंह देवड़ा, देवेंद्र राजावत, जसवंत सिंह, मलखान सिंह, गजराज सिंह, प्रेम सिंह, अनिकेत सिंह, दुर्गेश सिंह, नीलेश सिंह, राजेश सिंह व भारी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित थे।



### चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग करेंगे राजाराम रूपध्वनि कला दीर्घा का उद्घाटन

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राजाराम रूपध्वनि कला दीर्घा का उद्घाटन करेंगे। प्रख्यात चित्रकार प्रो. राजाराम के सम्मान में सप्तवर्णी कला साहित्य सृजन शोध-पीठ में दोपहर 2 बजे समारोह होगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध समालोचक, साहित्यकार प्रो. धनंजय वर्मा मुख्य वक्ता रहेंगे। साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद के निदेशक डॉ. विकास दवे विशिष्ट अतिथि और ख्यातिलब्ध वरिष्ठ पत्रकार अभिलाष खांडेकर विशेष वक्ता होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वदेश समूह के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र शर्मा करेंगे। इस मौके पर प्रख्यात साहित्य सेवी डॉ. देवेन्द्र दीपक भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन युवा साहित्यकार घनश्याम मैथिल करेंगे।

### जिझौतिया ब्राह्मण समाज के भुजरिया मिलन समारोह का आयोजन आज

**भोपाल।** जिझौतिया ब्राह्मण समाज का भुजरिया मिलन कार्यक्रम 29 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष पंडित संदीप तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम चांदबड़ स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम के लिए पंडित मुकेश चौबे एवं कल्पना रावत को संयोजक बनाया गया है। संयोजक द्वय के अनुसार कार्यक्रम दौरान समाज के लोग एक दूसरे को भुजरिया देंगे और बडों से आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद वर्तमान परिस्थितियों में समाज की भूमिका विषय पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील समाज के अध्यक्ष पंडित संदीप तिवारी, पुष्पा रिछारिया, रमेश लिटोरिया, विनोद रिछारिया, डॉ गौरीशंकर शर्मा गौरीश राकेश चतुर्वेदी, पंडित रूपनारायण शास्त्री संजय तिवारी, राजेश रिछारिया, मुकेश चौबे, राजीव चतुर्वेदी, आशीष पुरोहित, विवेक पटेरिया, राजकुमार चौबे, मुकेश चौबे, ममता दुबे, संध्या मिश्रा, वरुणा रिछारिया, ओमप्रकाश चौबे, अशोक बवेले, सतीश पुरोहित, नरेश तिवारी, प्रफुल्ल रावत, आरके तिवारी, सुरेश रिछारिया, अन्नपूर्णा रावत, राम प्रकाश मिश्रा, प्रेम नारायण मिश्रा व भगवत तिवारी वेद प्रकाश दुबे विष्णु प्रसाद तिवारी राजेश पाठक राकेश चौबे आदि ने की है।

### दादा नारायण वासवानी को किया याद

**संत हिरदाराम नगर।** नारायण आध्यात्मिक सामाजिक कल्याण समिति संत हिरदाराम नगर द्वारा समाज सेवी दादा नारायणदास वासवानी की पुण्यतिथि नारायण संस्था एवं भारतीय सिंधु सभा द्वारा मनाई गई, जिसमें दादाजी के चरणो में पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के संभाग प्रभारी शंकर आसूदानी ने दादाजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादाजी के साथ 40 वर्षों तक समाज सेवा से जुड़े कार्य किए। आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा दादाजी ने संघर्ष भरा जीवन जिया व समाज के हर क्षेत्र में वे आगे रहकर कार्य करते रहे। इस अवसर पर किरण वाधवानी ने भी दादाजी के जीवन पर प्रकाश डाला। वासवानी जी भारतीय सिंधु सभा से भी जुड़े थे। उन्होंने संत हिरदाराम नगर में सामूहिक जनेऊ संस्कार व आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों के लिए अनाज वितरण सर्दियों में रजाईयां गर्मियां में पंखे आदि वितरित किए।

### कोरोना की तीसरी लहर से बचने शत प्रतिशत वैक्सिनेशन जरूरी

**संत हिरदाराम नगर।** राज्य में कोरोना की गति फिलहाल थमी हुई है, किंतु अभी कोरोना गया नहीं है, दक्षिणी राज्यों में अभी यह कहर बरपा रहा है। इसके मद्देनजर शनिवार को बोरवन क्लब के सदस्यों ने वैक्सीनेशन महा अभियान 2 के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर के फायर बिर्गेड स्टेशन के,वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंच कर लोगों को प्रेरित किया कि वो अपने परिवार और आसपास के लोगों को प्रेरित करें और शत-प्रतिशत टीकाकरण करवाएं आप सुरक्षित रहे औरों को सुरक्षित करवाएं। टीकाकरण महाअभियान में जगदीश आसवानी, भरत आसवानी, मिथुन गिल सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।



## बिजनेस न्यूज

### जन्माष्टमी पर जी टीवी के सितारों ने ताजा कीं इस त्यौहार की कुछ मीठी यादें

**भोपाल (आरएनएन)।** जन्माष्टमी पर जहां दुनिया भर में भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया जाता है, वहीं भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे और पारुल चैधरी, कुंडली भाग्य के संजय गगनानी और मानसी श्रीवास्तव, कुमकुम भाग्य की मुग्धा चापेकर और पूजा बनर्जी, तेरी मेरी इक्क जिंदड़ी के अध्विक महाजन और मीत के शगुन पांडे जैसे जी टीवी के कलाकारों ने इस त्यौहार से जुड़ी अपनी खास यादें ताजा कीं। ज़ी टीवी के भाग्य लक्ष्मी में लक्ष्मी का रोल निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने कहा कि सबसे पहले तो मैं सभी को जन्माष्टमी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देना चाहूंगी। मैं बताना चाहूंगी कि यह त्यौहार मेरे पसंदीदा त्यौहारों में से एक है, क्योंकि मैं कृष्ण भगवान से काफी जुड़ाव महसूस करती हूं। असल में इसी एक दिन पर मैं उपवास रखती हूं और इससे यह पर्व मेरे लिए और खास हो जाता है।

### एंडटीवी के कलाकारों ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं

**भोपाल (आरएनएन)।** जन्माष्टमी भारत के सबसे पसंदीदा त्यौहारों में से एक है और यह काफी करीब आ गया है। जन्माष्टमी भगवान कृष्ण के जन्मदिवस के रूप में मनाई जाती है और दुनिया भर के हिन्दू ढेर सारे प्यार और असीम श्रद्धा के साथ इस दिन को मनाते हैं। इस जन्माष्टमी पर, एंडटीवी के कलाकार - 'घर एक मंदिर-कृपा अग्रसेन महाराज की' की अनुराधा अग्रवाल (अर्चना मित्तल), 'और भई क्या चल रहा है?' के रमेश प्रसाद मिश्र (अंबरीश बॉबी), जफर अली मिर्जा (पवन सिंह) और सकीना मिर्जा (अकांषा शर्मा), 'भाबी जी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौड़) और 'हप्पू की उलटन पलटन' के हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) भगवान कृष्ण का घर पर स्वागत करने तथा परिवार के साथ इस त्यौहार को पूरे जोश से मनाने के लिए उत्साहित हैं। 'घर एक मंदिर-कृपा अग्रसेन महराज की' में अनुराधा अग्रवाल की भूमिका निभा रहीं अर्चना मित्तल कहती हैं, मेरा पूरा परिवार खूब उत्साह और श्रद्धा के साथ जन्माष्टमी मनाता है।

# ना पार्किंग की समस्या हल हो रही है और ना ही बन पाया पगड़ी रस्म हाल

**पगड़ी के दौरान भीड़ और ट्रैफिक जाम**





### जनप्रतिनिधियों की घोषणाएं बनीं मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसी

**संत हिरदाराम नगर (एजेंसी)।** संत नगर मे सालों पुरानी समस्या पार्किंग का आज तक हल नहीं निकाला गया है। जब-जब संत नगर में किसी हाल में पगड़ी रस्म होती है वहां पर जाम की स्थिति से लोगों को दो चार होना पड़ता है। वहीं संत नगर में पगड़ी रस्म की हाल की मांग आज से नहीं सालों से की जा रही है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है और ना ही जनप्रतिनिधि। इधर संत नगर के बड़े-बड़े दानदाताओं की बात करें तो उनकी तरफ से भी पंचायत और पगड़ी रस्म हाल में कोई सपोर्ट नहीं हुआ है।

#### भूल जाते हैं सभी नियम

भोपाल कलेक्टर ने कोरोना को ध्यान में रखते हुए किसी भी कार्यक्रम या शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए भीड़भीड़ करने पर रोक लगाई है और गाइड लाइन का पालन सामाजिक संस्थाओं से कराने की अपील की है। लेकिन संत नगर में जब किसी बड़े सेठ के घर किसी की मृत्यु हो जाती है, तब तब पगड़ी रस्म और शवयात्रा में सभी नियमों को लोग भूल जाते हैं, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। प्रबुद्धजनों का कहना है कि सरकार और प्रशासन ने गाइड लाइन इस लिए बनाई है कि कोरोना से लोगों को बचाया जा सके, दो गज की दूरी मास्क है जरूरी अर्निवाय रूप से लागू कर दिया गया है, लेकिन दोनों नियमों को संत नगर में पालन अभी खत्म सा हो गया है।

इधर पंचायत के पदाधिकारी भी अब नियमों को तोड़ने वाले लोगों को रोकते टोकते नहीं हैं, ऐसा न करने से बीमारी के फैलने का खतरा लगातार बड़ रहा है।

#### चुनाव के समय मिलता है सिर्फ आश्वासन

संत नगर में सालों पुरानी मांग पगड़ी रस्म हाल की हर जनप्रतिनिधि की जानकारी में है, लेकिन जब-जब नगर निगम विधानसभा या लोकसभा के चुनाव आते हैं तभी जीतने और हारने वाला जनप्रतिनिधि इस मांग को पूरा करने की घोषणा और दिलासा जरूर देता है, लेकिन चुनाव के बाद यह दोनों प्रतिनिधि इस मांग को भूल जाते हैं या भी मुंगेरी लाल के हसीन सपनों की तरह याद भी करना ठीक नहीं समझते। समाज की मांगों पर ध्यान न देने की कसम शायद इन जनप्रतिनिधियों ने खाई हुई है। इसलिए आज यहां की जनता परेशान है।

#### हर समय होता है जाम

संत नगर में जब संत नगर के नवयुवक सभा या झूलेलाल मंदिर में पगड़ी की रस्म होती है वहां पर अक्सर जाम होता है। ऐसे में कभी रहवासी क्षेत्र में पगड़ी रस्म के दौरान किसी व्यक्ति की तबीयत खराब हो जाए तो एम्बुलेंस तक ऐसे जाम से नहीं निकल पाएगी और बीमार व्यक्ति एम्बुलेंस में भी अंतिम सासें गिनता ईश्वर को प्यारा हो जाएगा, लेकिन जाम नहीं खुलेगा। जनप्रतिनिधियों को इस मामले में खास ध्यान देने की जरूरत है, या तो ट्रैफिक पुलिस या स्थानिय पुलिस के अधिकारी की पगड़ी रस्म के दौरान ड्यूटी लगाई जानी चाहिए, जो ट्रैफिक नियम का पालन करा सके, नहीं तो पंचायत के वॉलेंटियर्स को इसे अपने हाथों में लेना चाहिए। वैसे भी पंचायत के कुछ पदाधिकारी केवल चुनाव के समय सक्रिय रहते हैं, उसके बाद कार्यकाल कब खत्म होने वाला है, उस दिनांक और साल को याद रख कुछ समय पहले फिर से सक्रिय हो जाते हैं।



#### इनका कहना है...

पंचायत को जल्द से जल्द पगड़ी रस्म हाल मिलना चाहिए। पगड़ी रस्म के लिए एक ही स्थान तय होगा तो लोगों को परेशानियां नहीं होंगी। इस समय लोगों को जाम की दिक्कतें भी हो रही हैं और कोरोना गाइड लाइन का पालन भी नहीं हो पा रहा है।

# विधानसभा की माताओं-बहनों को श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्याजी ले जाएंगे : रामेश्वर शर्मा

**भोपाल।** रक्षा बंधन के पुनीत एवं पावन अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा विधानसभा के अंतर्गत सभी भाजपा मंडलों में रक्षा बंधन कार्यक्रम के माध्यम से हुजूर विधानसभा क्षेत्र की बहनों से रक्षा सूत्र बंधवा कर उन्हें रक्षा बंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं । शनिवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने बिलखिरिया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, अटल बिहारी वाजपेयी मंडल, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । इस दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सदियों के त्याग और समर्पण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आयोध्या जी में श्रीराम लला के भव्य मंदिर का निर्माण बहुत तेजी से चल रहा है। श्रीराम लला का मंदिर करोड़ों हिन्दुओं के आस्था का केंद्र बिंदु है । यह हम सभी का परम सौभाग्य है कि हम श्रीराम लला का भव्य मंदिर निर्माण होते देख रहे है । श्री शर्मा ने कहा कि मंदिर निर्माण बहुत जल्द पूर्ण होते ही । हुजूर विधानसभा की माताओं बहनों को अयोध्या जी ले जाकर प्रभु श्रीराम लला के दर्शन कराऊंगा ऐसी मेरी मनोकामना है ।



#### जय-जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा रक्षा बंधन पंडाल

विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा माताओं बहनों को अयोध्या जी लेजाकर श्रीराम लला के दर्शन कराने के वक्तव्य के साथ ही जय जय श्रीराम के नारों के साथ पूरा पंडाल गूंज उठा । विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि यह देश राम का है परिवेश राम का है श्री शर्मा ने कहा कि जब तक जय जय श्रीराम के नारे गूंजते रहेंगे इस धरती पर पाप और अन्याय कभी अपनी जगह नही बना पाएंगे ।

#### आपने बेटा और भाई चुना है इस संबंध को जीवंत पर्यन्त निभाऊंगा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हुजूर विधानसभा का एक एक घर मेरा परिवार है । आपने मुझे विधायक जरूर चुना है पर उससे पहले मैं आपका बेटा और भाई हूं । प्रभु श्रीराम से यही कामना करता हूं विकास के साथ साथ इस रिश्ते को जीवन पर्यन्त निभाता रहूं ।

# महंगा हो सकता है सिटी बस का सफर

**इंदौर (एजेंसी)।** । शहरी इलाके में सिटी बस का सफर महंगा हो सकता है। दरअसल हर में पेट्रोल-डीजल के बढ़ रहे दामों का असर अब सिटी बस सेवा पर भी पड़ने वाला है। भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड बीसीएलएल ने राजधानी में संचालित लो-फ्लोर व मिडी बसों का किराया बढ़ाने का प्रस्ताव एक बार फि र परिवहन विभाग को भेजा है। इसमें सिटी बसों का 20 फीसद तक यात्री किराया बढ़ाने की मांग की गई है। बीसीएलएल के प्रवक्ता संजय सोनी ने बताया कि साल 2019-20 में सिटी बसों के किराये में 20 फीसद की बढ़ोतरी की गई थी। उस समय डीजल 81 रुपये था। अब 97-72 रुपये प्रति लीटर हो गया है। अनलॉक में 13 मार्गों पर कुल 72 बसों का संचालन होने लगा है। अभी छह मार्गों पर बसों का संचालन नहीं हो रहा है। एमपीनगर से संत हिरदाराम नगरए बैरागढ़ चीचली से करोंद,सलैया से भैंसाखेड़ी, गांधी नगर से मंडीदीप, अवधपुरी से भैंसाखेड़ी मार्ग पर बसों का संचालन बीसीएलएल कर रहा है। आगामी दिनों में बाकी मार्गों पर भी बसों का संचालन शुरू किया जाएगा।

**बीसीएलएल ने परिवहन विभाग को भेजा 20 फीसदी किराया बढ़ाने का प्रस्ताव**

#### देना होगा 25 रुपए

यदि मांग के मुताबिक सिटी बसों का किराया बढ़ता है, तो एमपी नगर से संत हिरदाराम नगर चिरायु अस्पताल तिराहे तक प्रति बस यात्री 20 रुपये की जगह 25 रुपये चुकाने होंगे। बीसीएलएल प्रबंधन का किराया बढ़ाने को लेकर कहना है कि बीते एक साल से डीजल के दामों में 18 रुपये तक बढ़ोत्तरी हुई है, 97.72 इसलिए यात्री किराए में बढ़ोतरी की जाए। हालांकि अभी परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्राधिकारी ने किराया बढ़ाने को लेकर स?थिति स्पष्ट नहीं की है, लेकिन बीसीएलएल प्रबंधन ने एक बार फिर सिटी बसों का किराया बढ़ाने को लेकर प्रस्ताव भेज कर अपनी मांग रख दी है। यदि किराया बढ़ता है तो आम जनता की जेब पर भार आना तय है। लॉकडाउन के कारण सिटी बसों का संचालन बंद रहा। अनलॉक में 30 फीसद ही यात्री बसों में सफर कर रहे हैं।

### बीयू में 13 सिंतबर तक जमा होंगे विशेष परीक्षा फार्म

**भोपाल।** बरकतुल्ला विश्वविद्यालय ने यूजी अंतिम वर्ष और पीजी अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा एक बार और आयोजित करने का फैसला लिया है। इसके लिए परीक्षा फार्म 13 सिंतबर तक जमा होंगे। हालांकि यह परीक्षा केवल उन्हीं विद्यार्थीयों के लिए आयोजित होगी, जो कि जून-जुलाई में आयोजित परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। बीयू द्वारा आयोजित होने वाली इस विशेष परीक्षा की जानकारी बेवसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। छात्र-छात्राएं तय तिथि तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

### नानाजी देशमुख पर विशेष वृत्तचित्र का दूरदर्शन पर प्रसारण आज

**भोपाल।** आजादी के अमृत महोत्सव और सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे आईकॉनिक सप्ताह के तहत दूरदर्शन मध्य प्रदेश द्वारा आज रविवार को दोपहर 2.30 बजे एक विशेष वृत्तचित्र का प्रसारण किया जा रहा है। प्रादेशिक समाचार एंकाश दूरदर्शन भोपालकी इस खास प्रस्तुति में भारत रत्न नानाजी के व्यक्तित्व के तमाम पहलुओं को सामाहित किया गया है। नानाजी देशमुख ने ना केवल ग्रामीण भारत के विकास के लिए योजनाएं बनाईं बल्कि जमीन पर उन्हें साकार भी किया। इस प्रस्तुति में दर्शक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भरता का मंत्र देने वाले नाना जी के जीवन से जुड़े कई रोचक संस्मरणों को भी देख पाएंगे। दूरदर्शन मप्र सभी डीटीएच, केवल नेटवर्क और यूट्यूव पर उपलब्ध है।

# दो पैनलों के नाराज उम्मीदवारों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**चैंबर ऑफ कामर्स चुनाव स्थगित होने का मामला**

**भोपाल।** राजधानी में आज रविवार को भोपाल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के चुनाव होने थे, जिसे गुरुवार को जिला प्रशासन ने स्थगित कर दिया। इससे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष सहित नौ पदाधिकारियों के 15 कार्यकारिणी के पदों पर दावेदारी जता रहे 55 उम्मीदवारों में नाराजगी है। प्रगतिशील पैनल से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तेजकुल पाल सिंह पाली, महामंत्री पद के उम्मीदवार रामबाबू शर्मा सहित अन्य उम्मीदवारों ने शनिवार को कलेक्टर अविनाश लवानिया से मुलाकात कर चुनाव स्थगित होने पर रोष व्यक्त किया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तेजकुल पाल सिंह ने बताया कि कलेक्टर लवानिया के सामने बात रखी गई है। अब तक चुनाव प्रचार में खर्च हुए रुपये और प्रचार-प्रसार करने के लिए बाजारों में जाकर की गई मेहनत के बारे में बताया। कलेक्टर ने 31 तक चुनाव कराने का आश्वासन दिया है। वहीं सद्भावना पैनल से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आलेक जैन पंचरत्न ने जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया के नाम से कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर से स्थगित किए गए चुनावों को फिर से कराने की मांग की है। साथ ही कोरोना गाइडलाइन का पालन करने का हवाला दिया है। सद्भावना पैनल से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आलोक जैन पंचरत्न ने बताया कि बीते 15 दिनों से चुनाव में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। बैनरए पंफ्लेट छपवा लिए। व्यापारियों के पास जाकर इतनी मेहनत कर रहे हैं। अचानक चुनाव स्थगित करने से झटका लगा है। वहीं परिवर्तन पैनल से महामंत्री पद के उम्मीदवार आदित्य जैन मान्यां ने बताया चुनाव अधिकारी ने 29 अगस्त को चुनाव कराने की घोषणा की तब कोरोना का नियमों का पालन करते हुए चुनाव कराने की अनुमति क्यों नहीं ली गई।अब जब प्रत्याशी मैदान में उतर कर पूरी ताकत चुनाव प्रचार में झोंक चुके हैं तब तब जाकर एसडीएम ने चुनाव स्थगित क्यों कर दिए।

### सम्पत्तिकर में दी जा रही विशेष छूट के मात्र तीन दिन ही शेष

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर के करदाताओं को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 के सम्पत्तिकर में दी जा रही 06 प्रतिशत की विशेष छूट तथा राज्य शासन द्वारा कोविड-19 के संक्रमण काल में उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत् सम्पत्तिकर, जलदर व किराया आदि की बकाया राशियों का भुगतान 31 अगस्त तक करने पर बकाया राशियों के अधिभार में दी जा रही विशेष छूट के मात्र 03 ही दिन शेष है। निगम प्रशासन ने करदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत रविवार, सोमवार को अवकाश के दिनों सहित 31 अगस्त 2021 तक सभी 03 दिवस निगम के जोन/वार्ड कार्यालय तथा नागरिक सुविधा केन्द्र देर शाम तक खुले रखने की व्यवस्था की है। निगम प्रशासन ने सम्पत्तिकर व अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ अधिक से अधिक करदाताओं तक पहुंचाने के दृष्टिगत नागरिकों से अपील की है कि वह अंतिम तिथि का इंतजार न करें और अंतिम तिथि से पूर्व ही अपने करों की अदायगी करें और अपने शहर के विकास में सहभागिता दर्ज कराएं।

# कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन, मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से हेल्प एज इंडिया द्वारा संचालित एल्डर लाइन 14567 के फील्ड रिस्पांस ऑफिसर की एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का शुभारंभ सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन विभाग के प्रमुख सचिव प्रतीक हजेला ने किया। इस अवसर पर वाल्मीकि डायरेक्टर उर्मिला शुक्ला मैडम , ज्वाइनड डायरेक्टर श्रीमती राजश्री राय, हेल्पेज की स्टेट हेड संस्कृति खरे एवं एल्डर लाइन 14567 के कार्यक्रम प्रबंधक वेणु पिल्लई विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला मे फील्ड रिस्पांस ऑफिसर के साथ बातचीत हुई और उन्हें यह अवगत कराया कि किस तरह से फील्ड में काम करना है किस तरह से अन्य विभागों के साथ एकजुटता बनानी है और उनके सहयोग से बुजुर्गों के तकलीफों और उनके द्वारा चाही गई जानकारियों को प्रदान करना है प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि किस तरह से रेस्क्यू के केस हैंडल करना है और कितने समय के अंदर उसको क्लोज भी करना है। मोटिवेशनल स्पीकर ओपी द्विवेदी द्वारा कम्युनिकेशन एवं मोटिवेशन की कक्षा भी ली गई।



### बाइक फिसली, युवक गिरा,मौत

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित कल्याणपुरा और खामखेड़ा के बीच पठार गांव के पास बाइक फिसलने से युवक की मौत हो गई। कल रात करीब साढ़े 9 बजे राहगीरों ने उसे सड़क पर घायल अवस्था में देखकर एंबुलेंस को घटना की जानकारी दी थी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल को लेकर अस्पताल पहुंची, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार शेखर पिता मांगीलाल विश्वकर्मा (21) कल्याणपुरा ईंटखेड़ी में रहता था। पेशे से मजदूर शेखर बीती रात रात मजूदरी कर बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान खामखेड़ा और कल्याणपुर गांव के बीच पढ़ने वाले पठार इलाके में उसकी बाइक फिसल गई।

### लोडिंग वाहन ने वृद्ध को कुचला, मौत

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित ओवर ब्रिज पर टहलने निकले 68 साल के बुजुर्ग को लोडिंग ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार क्रस्टोफ न पिता इतियास (68) शंकराचार्य नगर, स्टेशन बजरिया में रहते थे। कल शाम उन्हें लोडिंग वाहन ने टक्कर मार दी। उन्हें एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने क्रस्टोफन को मृत घोषित कर दिया।

# व्हाट्सएप पर अपलोड सीसीटीवी फुटेज से धराया शातिर वाहन चोर

**इंदौर (एजेंसी)।**

छोला मंदिर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। हनुमानगंज क्षेत्र से चोरी हुई मोटरसाइकिल के सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप पर डाले थे। उन्हीं फुटेज के आधार पर छोला मंदिर पुलिस को भानपुर इलाके में संबंधित हुलिए वाला आरोपी नजर आ गया। पुलिस के मुताबिक न्यू अशोका गार्डन निवासी विजय साहू (33) मार्केटिंग का काम करते हैं। विगत 17 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे वह अपने काम के सिलसिले में हनुमानगंज स्थित दवा बाजार गए हुए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल दवा बाजार में खड़ी की थी। करीब तीन घंटे बाद जब वह लौटे तो मोटरसाइकिल नहीं मिली। आसपास खोजबीन करने के बाद फरियादी ने चोरी की रिपोर्ट हनुमानगंज थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस को घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से वाहन चोरी करने वाले आरोपी का हुलिया मिला था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व्हाट्सएप ग्रुप पर अपलोड किया था। विगत 28 अगस्त को छोला मंदिर पुलिस के जवान चैकिंग व भ्रमण के के लिए पटेल मार्केट भानपुर गए थे। वहां उन्हें सीसीटीवी फुटेज के हुलिए वाला युवक नजर आ गया। पुलिस ने संदेही अमन केवट (22) निवास शिव नगर फेस थ्री छोला मंदिर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने उक्त मोटरसाइकिल चोरी करना कुबूल कर लिया। पुलिस ने निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

# जरीन खान



## ने ब्वॉयफ्रेंड संग गोवा से शेयर की खूबसूरत तस्वीर, 'बिग बॉस' फेम कंटेस्टेंट को कर रहीं डेट



अभिनेत्री जरीन खान ने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान के साथ फिल्म 'वीर' से की थी। पहली फिल्म से ही उनके लुक्स की तुलना कटरीना कैफ से होती रही है। जरीन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रही हैं। उनके साथ उनके ब्वॉयफ्रेंड शिवाशीष मिश्रा भी हैं। दोनों की तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। एक वीडियो में जरीन खान ने गोवा की खूबसूरती की झलक दिखाई है। उन्होंने कुछ दिनों पहले ही शिवाशीष के साथ की तस्वीरें शेयर कर एक दूसरे को डेट करने की ओर इशारा किया था।

जरीन ने तस्वीर पोस्ट करते हुए शिवाशीष को जन्मदिन की बधाई दी है। एक्ट्रेस ने ब्लू कलर की टीशर्ट पहनी हुई है। वहीं शिवाशीष ने स्काई ब्लू कलर की टीशर्ट पहने सेल्फी ले रहे हैं।शिवाशीष ने 'बिग बॉस 12' में हिस्सा लिया था। वह शो में बतौर कॉमनर पहुंचे थे। हालांकि वह जल्दी ही एविक्ट हो गए थे।

इससे पहले दोनों का एक वीडियो सामने आया था जिसमें शिवाशीष, जरीन खान को स्वीटी कहते सुनाई दिए थे। तस्वीरों और वीडियोज में दोनों के बीच बॉन्डिंग साफ दिखाई दे रही है।शिवाशीष के जन्मदिन पर जरीन ने लिखा- 'टेढ़ा है पर मेरा है, जन्मदिन की ढेर सारी बधाई शिव, भगवान का आशीर्वाद हमेशा बना रहे और तुम्हारी सभी इच्छाएं पूरी हों।' इसके साथ उन्होंने हार्ट का इमोजी बनाया है।

## दिशा पाटनी बिकिनी टॉप और शॉर्ट स्कर्ट में समंदर किनारे दिखीं घूमती, वीडियो पर फैंस ने किए ताबड़तोड़ कमेंट्स



दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर सबसे चर्चित बॉलीवुड एक्ट्रेस में से हैं। फिल्मों के साथ-साथ दिशा अपनी फिटनेस के लिए भी जानी जाती हैं। उनका हर पोस्ट देखते ही देखते वायरल हो जाता है। फिल्मों में ही नहीं दिशा असल जिंदगी में भी काफी बोल्ड हैं। एक बार फिर से उन्होंने वीडियो के जरिए अपनी हॉटनेस दिखाई है। दिशा ने समंदर किनारे से थ्रोबैक वीडियो पोस्ट किया और लिखा कि वह इसे मिस कर रही हैं।

वीडियो में दिशा बिकिनी टॉप और स्कर्ट पहने हुए रिजॉर्ट में दिखाई दे रही हैं। वह समंदर के खूबसूरत नजारों का आनंद ले रही हैं। उन्होंने बालों को खुला रखा है। वीडियो को शेयर करने के साथ ही वे लिखती हैं मिसिंग। उनके वीडियो पर फैंस से लेकर सितारों तक के जबरदस्त कमेंट्स आए हैं। उनके इस वीडियो पर अभी तक 14 लाख से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं।

किसी ने उन्हें हॉटी बताया तो कोई उनके इस सिजलिंग अवतार पर फिदा हो गया है। बता दें कि दिशा का यह वीडियो मालदीव ट्रिप के दौरान का है। वह कुछ समय पहले टाइगर श्रॉफ के साथ मालदीव गई थीं।

दिशा पाटनी ने एम एस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी (2016) से बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत, भारतीय क्रिकेटर एम एस धोनी के किरदार में दिखे थे। धोनी की बायोपिक के बाद दिशा ने जैकी चैन के साथ फिल्म 'कुंग फू योगा' (2017) में काम किया। उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'राधे' है, जिसमें वह सलमान खान के अपोजिट थीं। वहीं दिशा जल्दी ही फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' में नजर आएंगी।

## नुसरत जहां ने दिया बेटे को जन्म, पति निखिल जैन बोले- उसके साथ मतभेद मुझे बच्चे को...



बांग्ला एक्ट्रेस से राजनीति तक का सफर तय कर चुकीं नुसरत जहां आज मां बन गई हैं। उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में बेटे को जन्म दिया है। इस दौरान उनके कथित बॉयफ्रेंड यश दासगुप्ता साथ रहे। यश ने ही नुसरत के पहले बच्चे की खबर कंफर्म की और बताया कि मां और बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं। इन सबके बीच अब नुसरत के पति निखिल जैन ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने नुसरत को शुभकामनाएं दी हैं और इसके साथ ही बच्चे के भविष्य को लेकर भी बात की है।

निखिल जैन इससे पहले अपनी पर्सनल लाइफ पर बात करने से इनकार कर दिया था। वहीं, हाल ही में नुसरत जहां की प्रेग्नेंसी पर निखिल ने न्यूज 18 से बात करते हुए कहा- %मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं और बच्चे के लिए हेल्दी लाइफ की कामना करता हूं। मैं आशा करता हूं कि बच्चा जिंदगी में बढ़े और समृद्धि पाए%। निखिल ने कहा- उसके साथ मेरे मतभेद मुझे बच्चे को शुभकामनाएं देने से नहीं रोक पाएगें। बच्चा सुपर हेल्दी हो और एक समृद्ध जीवन जिए। निखिल ने ये भी कहा है कि वो नुसरत से भावनात्मक तौर पर जुड़े नहीं हैं।

बता दें कि निखिल और नुसरत ने 2019 में तुर्की में शादी की थी। उन्होंने अपनी शादी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। लेकिन इसके कुछ वक्त बाद नुसरत ने कहा था कि भारतीय कानून के मुताबिक उनकी शादी वैध नहीं है। निखिल ने बताया था कि नुसरत ने शादी को रजिस्टर करने को नजरअंदाज कर दिया था। उन्होंने शादी रद्द करवाने के लिए नुसरत के खिलाफ कोलकाता अलीपुर जजेज कोर्ट में सिविल सूट फाइल किया था।



# हिना खान

## ने साड़ी का पल्लू गिराकर दिखाई बोल्ड अदाएं, वीडियो देख लोग बोले- शर्म नहीं आती?

छोटे पर्दे से लेकर रिएलिटी शोज और फिल्मों तक का सफर तय कर चुकीं हिना खान आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। हिना सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और उनके पोस्ट आते ही वायरल हो जाते हैं। वहीं, हाल ही में उनका एक वीडियो इंटरनेट पर खूब सुर्खियों में आ गया है। जिसमें वो साड़ी पहनती और मेकअप करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को जहां एक तरफ कई लोग पसंद कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ ट्रोल्स ने भी उन पर निशाना साधना शुरू कर दिया है।

हिना खान ने कुछ समय पहले ही सिल्वर रंग की शिमरी साड़ी में एक फोटोशूट शेयर किया था। इस फोटोशूट के दौरान का एक वीडियो विरल भयानी के इंस्टाग्राम पर दिखाई दे रहा है। जिसमें हिना खान साड़ी का पल्लू हाथ में लिए हैं और मेकअप करवा रही हैं। इसके बाद वो पल्लू ठीक करती हैं और कैमरे के सामने पोज देने लगती हैं। ये वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है।इस वीडियो में जाहिर तौर पर हिना खान बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस नजर आ रही हैं।



कई लोग तो उनकी बोल्ड अदाओं पर फिदा होते दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि ये आउटफिट पहनकर हिना खान ने बिग बॉस ओटीटी के घर में एंट्री ली थी। इससे पहले भी हिना अपने स्टाइल की वजह से चर्चाएं बटोर चुकी हैं।

वीडियो पर मिल रही प्रतिक्रियाओं को देखें तो जहां एक तरफ हिना के फैंस पॉजिटिव कमेंट्स कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कई यूजर्स उन्हें ट्रोल करते दिखाई दे रहे हैं। एक यूजर ने तो कमेंट करते हुए हिना से पूछ डाला- क्या शर्म नहीं आती? वहीं, दूसरे यूजर का कहना है कि वो हिना को इस अंदाज देखकर निराश हैं।

## खबर एक नजर

### आंद्रे रसल के बल्ले ने सीपीएल में रचा कीर्तिमान, जड़ा सबसे तेज अर्धशतक

जमैका, एजेंसी। वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसल ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल-2021) में शानदार बल्लेबाजी करते हुए कीर्तिमान बनाया है। जमैका तलावहास की ओर से खेल रहे रसल ने सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ मुकाबले में 14 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह सीपीएल इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक है। इससे पहले यह रेकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी ड्यूमिनी के नाम था जिन्होंने साल 2019 में बारबाडोस ट्राइडेंट्स की ओर से त्रिनिबागो नाइटराइडर्स के खिलाफ 15 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया था। रसल ने अपनी नाबाद अर्धशतकीय पारी में 6 छक्के और 3 चौके लगाए। उन्होंने इस दौरान 357.14 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इससे पहले सेंट लूसिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। जमैका तलावहास ने 5 विकेट पर 255 रन बनाए। सीपीएल इतिहास का यह दूसरा सबसे ज्यादा कुल स्कोर है। पहले नंबर पर नाइटराइडर्स की टीम है जिसने साल 2019 में सबीना पार्क में 2 विकेट पर 267 रन बनाए थे। तलावहास का इससे पहले सबसे बड़ा स्कोर 4 विकेट पर 241 रन था जो उसने 2019 में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ बनाया था। उसकी ओर से रसल की अर्धशतकीय के अलावा ओपनर केनर लुइस ने 48 जबकि चाडविक वाल्टन ने 47 रन बनाए। वहीं हैदर अली ने 45 रन का योगदान दिया। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 26 गेंदों पर 38 रन बनाए। 256 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट लूसिया किंग्स टीम 17.3 ओवर में 135 रन पर ढेर हो गई। सेंट लूसिया के लिए टिम डेविड ने सबसे अधिक 56 रन की पारी खेली। जमैका की ओर से मिगुएल प्रिटोरियस ने 4 विकेट अपने नाम किए।

### भारत के सेथुरमन नें जीता सर्किट दे बार्सिलोना शतरंज, मुरली को तीसरा स्थान

बार्सिलोना, एजेंसी। उतार चढ़ाव से भरे सर्किट दे बार्सिलोना इंटरनेशनल शतरंज का खिताब भारत के ग्रैंड मास्टर एसपी सेथुरमन ने अपने नाम कर लिया है। 28 देशों के 151 खिलाड़ियों के बीच ऑन द बोर्ड क्लासिकल शतरंज के 9 राउंड खेले गए जिसमें अंतिम राउंड मे अर्मेनिया के अराम हकोबयन को पराजित करते हुए 7.5 अंक बनाकर उन्होंने बेहतर टाईब्रेक के आधार पर पहला स्थान हासिल कर लिया। भारत के अरविंद चितांबरम से अंतिम राउंड ड्रॉ खेलते हुए रूस के युफा डेनियल भी 7.5 अंक बनाने मे सफल रहे और टाईब्रेक के आधार पर उन्हे उपविजेता के स्थान से संतोष करना पड़ा। सेथुरमन के खेल जीवन में यह जीत बेहद महत्वपूर्ण समय में आई है, क्योंकि वह पिछले कुछ समय से अच्छे परिणाम हासिल नहीं कर पा रहे थे। इसके बाद पांच खिलाड़ी 7 अंको पर रहे जिसमें भारत के मुरली कार्तिकेयन जिन्होने अंतिम राउंड मे हमवतन आर वैशाली को मात दी बेहतर टाईब्रेक के आधार पर तीसरे स्थान पर रहे। ब्राजील के अलेक्जेंडर फेयर चौथे तो भारत के अरविंद चितांबरम पांचवें स्थान पर रहे। अन्य भारतीय खिलाड़ियों मे 6.5 अंक बनाकर अर्जुन कल्याण नौवे और विसाख एनआर दसवें स्थान पर रहे और इस तरह शीर्ष 10 के पांच स्थानों पर भारत का दबदबा रहा।

### अब मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए खेलेंगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो, युवेंतस छोड़ा

मैनचेस्टर, एजेंसी। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब युवेंतस की ओर से खेलते नहीं दिखाई देंगे। फैंस उन्हें अब मैनचेस्टर यूनाइटेड की जर्सी में खेलते देख सकेंगे। उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ करार किया है। इंग्लैंड के बड़े क्लबों में से एक मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अपने एक बयान में इसकी पुष्टि की है। रोनाल्डो इटली के क्लब युवेंतस से 2018 में जुड़े थे। क्लब के लिए उन्होंने 98 मैचों में 81 गोल दागे। क्लब ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के स्थानांतरण के लिए जुवेंतस के साथ समझौता कर लिया है, जो व्यक्तिगत शर्तों, वीजा और चिकित्सा के समझौते के अधीन है। क्लब में हर कोई क्रिस्टियानो का मैनचेस्टर वापस स्वागत करने के लिए उत्सुक है। इससे पहले अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी को बार्सिलोना छोड़कर पीएसजी में जाना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि युवेंतस के कोच मासिमिलियानो अलेग्री ने इससे पहले कहा था क्रिस्टियानो ने गुरुवार को मुझसे कहा कि उनकी आगे युवेंतस की तरफ से खेलने की योजना नहीं है। रोनाल्डो इससे पहले भी मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए खेल चुके हैं। वह 2003 से 2009 तक मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए खेले। मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए अपने पहले स्पेल में उन्होंने 292 मैचों में 118 गोल किए थे। पांच बार के बैलोन डी'ओर विजेता क्रिस्टियानो ने अब तक अपने करियर के दौरान 30 से अधिक प्रमुख ट्रोफियां जीती हैं, जिसमें पांच यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब, चार फीफा क्लब विश्व कप, इंग्लैंड, स्पेन और इटली में सात लीग खिताब और यूरोपीय शामिल हैं।

### पाक में भी लोगों ने नीरज को सराहा

लाहौर, एजेंसी। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पड़ौसी देश पाकिस्तान में भी छाये हुए हैं। हाल ही में नीरज ने कहा था कि ओलिंपिक के फाइनल से पहले उनका भाला पाकिस्तान के जैवलिन थ्रोअर अरशद नदीम के पास था। इसपर सोशल मीडिया में लोगों ने नदीम पर जानबूझकर भाले से छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। इसपर नीरज ने नदीम का बचाव किया था। उन्होंने नदीम को ट्रोल करने वालों को करारा जवाब भी दिया था। नीरज ने कहा था, 'मैं फाइनल की शुरूआत से पहले अपना भाला खोज रहा था, लेकिन तभी मैंने देखा कि नदीम मेरे भाले के साथ घूम रहे हैं। मैंने अरशद से कहा कि भाई यह मेरा भाला है मुझे दे दो ताकि मैं थ्रो कर सकूं।' विवाद होने पर नीरज ने एक वीडियो जारी कर लोगों से अपील की कि बिना वजह इस मामले को न उठायें। चोपड़ा ने कहा कि थ्रो फेंकने से पहले हर कोई अपना भाला वहां पर रखता है, ऐसे में कोई भी खिलाड़ी वहां से उसे उठा सकता है और अभ्यास कर सकता है। इसमें किसी प्रकार की रोक नहीं है। चोपड़ा ने कहा कि नदीम भी अभ्यास कर रहा था। नीरज ने कहा कि मेरा सहारा लेकर कोई लोग इसको मुद्दा बना रहे हैं, ऐसा ना करें। खेल सभी को मिलकर चलना सीखाता है, सभी खिलाड़ी आपस में प्यार से रहते हैं तो कोई भी बात ऐसी ना कहें, जिससे हमको ठेस पहुंचे।

### भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन पर रहेगा हॉकी टीम का ध्यान : रीड

नई दिल्ली, एजेंसी। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड के अनुसार अब टीम भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयारियां कर रही है। कोच के अनुसार टीम की तैयारी अगले महीने से शुरू हो जायेगी। रीड ने कहा, " आने वाले समय के लिए हमने कुछ मानदंड तय किये हैं। हमें एशियाई खेलों, एफआईएच प्रो लीग, राष्ट्रमंडल खेल, 2023 हॉकी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक खेलना है।" उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय हो गये हैं हालांकि उन तक पहुंचने के लिये और तैयारियां करनी होगी। ये तैयारियां कैसे होंगी, अगले महीने तक तय हो जायेगा।" कोच ने कहा कि वह खिलाड़ियों से फीडबैक लेंगे और दूसरी टीमों की तैयारियों का भी विश्लेषण करेंगे।

# टोक्यो पैरालिंपिक में भारत की भाविनाबेन ने फाइनल में स्थान बनाया, सेमीफाइनल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं

**टोक्यो, एजेंसी।** टोक्यो पैरालिंपिक स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल टेबल टेनिस में फाइनल में पहुंचने वालीं पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने सेमीफाइनल में चीन की मिआओ झैंग को 3-2 से हराया। शनिवार को क्लास 4 के इस सेमीफाइनल में उन्होंने कमाल का खेल दिखाया। 34 वर्षीय पटेल ने पैरालिंपिक में अपने शानदार खेल से भारतीय खेमे में खुशी और हैरानी की लहर दौड़ा दी है। उन्होंने दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी को 7-11 11-7 11-4 9-11 11-8 से हराया। यह मुकाबला 34 मिनट तक चला। फाइनल में उनका मुकाबला दुनिया की नंबर वन पैडलर चीन की यिंग झुओऊ से रविवार को होगा। गुजरात के मेहसाणा जिले के एक छोटे से दुकानदार हसमुखभाई पटेल की बेटी भाविना को मेडल का दावेदार नहीं माना जा रहा था लेकिन अपने पहले ही पैरालिंपिक में उन्होंने यादगार बना दिया। उन्होंने कहा, 'जब मैं यहां आई, तो मैं सिर्फ यही सोचा था कि मैं अपना 100 फीसदी दूंगी। मैंने इसके अलावा ज्यादा नहीं सोचा था। अगर मैंने अपना 100 प्रतिशत दिया तो मेडल आएगा। मैंने यही सोचा था।' पटेल को 12 साल की उम्र में पोलियो हो गया था।



लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और जीवन को नई दिशा देने का काम जारी रखा। व्हीलचेयर पर खेलने वालीं भाविना ने कहा, 'अगर मैं इस आत्मविश्वास को कायम रख पाई तो देश के लोगों की दुआओं की मदद से, मुझे लगता है कि कल मैं गोल्ड जीत जाऊंगी। मैं फाइनल के लिए तैयार हूं और इसमें भी अपना 100 फीसदी दूंगी।' सेमीफाइनल में पहले गेम में पटेल कड़े मुकाबले में हारीं। लेकिन इसके बाद उन्होंने दमदार वापसी की। उन्होंने 2-1 की बढ़त बना ली। वह शानदार फॉर्म में थीं और सिर्फ चार मिनट में उन्होंने तीसरा गेम अपने नाम कर लिया। चौथे गेम में झैंग ने वापसी की और जीत हासिल की। अब मैच निर्णायक गेम में पहुंचा। यहां पटेल ने जल्द ही 5-0 की बढ़त बना ली लेकिन चीनी खिलाड़ी ने फिर वापसी की। वह 5-9 से पीछे चल रही थीं लेकिन लगातार तीन पॉइंट्स जीतकर उन्होंने स्कोर 8-9 बना लिया। पटेल ने खुद को तैयार किया और टाइम-आउट लिया। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। दो मैच पॉइंट्स के बाद उन्होंने गेम और मैच अपने नाम किया। यह पटेल को झाऊ से फाइनल मुकाबले में कड़ी चुनौती देखने को मिलेगी। बुधवार को शुरूआती ग्रुप मुकाबले में उन्होंने झाऊ से हार का सामना करना पड़ा था। पटेल ने क्वॉर्टर फाइनल में 2016 में रियो ओलिंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट बोरिस्लावा पैरिक रैनकोविक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## पैड-हेलमेट पहन सनकी प्रशंसक जार्वो की मैदान में फिर इंट्री, लोग नहीं रोक पाए हंसी

**लीड्स, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट श्रृंखला में मैच के दौरान मैदान में सनकी प्रशंसक 'जार्वो 69' के नए कारनामें ने लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया। यहां तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन उसने फिर से मैदान में प्रवेश किया, लेकिन इस बार वह पैड और हेलमेट पहने था। वह दोनों टीमों के बीच दूसरे टेस्ट के चौथे दिन के खेल के दौरान लॉर्ड्स मैदान पर घुसा था और भारतीय टीम के लिए क्षेत्ररक्षकों को सजाने जैसी प्रतिक्रिया कर रहा था, उसकी इस हरकत से मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा अपनी हंसी नहीं रोक सके थे। लॉर्ड्स के मैदान पर वह भारतीय टीम की जर्सी पहने था और टी-शर्ट के पीछे उसका नाम लिखा था। सुरक्षाकर्मियों ने फिर उसे मैदान से बाहर किया था। शुक्रवार को भी जब रोहित शर्मा आउट हुए थे तो वह मैदान में घुस गया। इस बार वह हेलमेट के अंदर सर्जिकल मास्क भी पहने था जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे मैदान से बाहर किया। भारत ने शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी में स्टंप्स तक दो विकेट पर 215 रन बना लिए है। इंग्लैंड ने भारत के 78 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 432 रन बनाकर 354 रन की बढ़त हासिल की थी। इस तरह से भारत अभी उससे 139 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय चेतेश्वर पुजारा 91 और कप्तान विराट कोहली 45 रन पर खेल रहे थे।

## थर्ड अंपायर ने सॉफ्ट डिसमिसल को आधार बना रोहित शर्मा को दिया आउट तो मचा बवाल

**लीड्स, एजेंसी।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां हेडिंग्ले में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 91) और रोहित शर्मा (59) की शानदार अर्धशतीय पारी के दम पर दो विकेट पर 215 रन का स्कोर खड़ा कर लिया। लेकिन वह अभी भी इंग्लिश टीम से 139 रन पीछे चल रहा है। मौजूदा हालात को देखकर भारत मैच में वापसी करते नजर आ रहा है। इसका सेहरा भारतीय ओपनर रोहित शर्मा के सिर पर भी बंधता है। अर्धशतक जमा चुके हिटमैन बढ़िया खेल रहे थे, लेकिन 59 रन के निजी स्कोर पर एक फैसले ने उन्हें पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। अंपायर्स कॉल पर रोहित आउट करार दिए गए। रिव्यू में साफ दिखाई




दिया कि विकेट की लाइन में पिच हुई बॉल लेग स्टंप से बाहर जा रही थी। इम्पैक्ट अंदर था, लेकिन विकेट पर हिट नहीं हो रही थी। थर्ड अंपायर ने सॉफ्ट डिसमिसल को आधार बताते हुए रोहित शर्मा को आउट दिया। प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर जमकर हंगामा किया और डीआरएस पर ही सवाल खड़े कर दिए। इंग्लैंड की पहली पारी आज 432 रन बनाकर ऑलआउट हुई और उसने 354 रनों की बढ़त हासिल की। स्टंप्स तक पुजारा 180 गेंदों पर 15 चौकों की मदद से 91 और कप्तान विराट कोहली 94 गेंदों पर छह चौकों के सहारे 45 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड की ओर से ओली रॉबिंसन और क्रैग ओवरटोन को अबतक एक-एक विकेट मिला है। इंग्लैंड को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद उतरी टीम इंडिया ने संभल कर खेलना शुरू किया। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाने की भरपूर कोशिश की। इस बीच, ओवरटोन ने लोकेश राहुल को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। राहुल ने 54 गेंदें खेल आठ रन बनाए। दूसरे सत्र में पुजारा और रोहित ने भारतीय पारी को बखूबी संभाला और दोनों ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 82 रनों की साझेदारी की।



इटली के वेरोना में हेलस वेरोना और एफसी इंटर के बीच खेले गए फुटबॉल मैच के दौरान एफसी इंटर के लुटारो मार्टिनेज ने गोल किया।

## रोहित शर्मा ने छक्का जड़कर कपिल देव को पीछे छोड़ा, अब सिर्फ सहवाग, धोनी और सचिन आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट में भले ही भारतीय टीम मुश्किल में नजर आ रही हो लेकिन रोहित शर्मा जिस तरह मेजबान गेंदबाजों के सामने डटकर खड़े दिखाई दे रहे हैं वह सचमुच काबिलेतारीफ है। रोहित शर्मा ने पहली पारी में 19 ही रन बनाए, लेकिन वह इंग्लैंड की बेहतरीन गेंदबाजी के सामने 105 गेंदों तक क्रीज पर खड़े रहे। इसके बाद दूसरी पारी में खेलने आए रोहित शर्मा ने अपने प्रदर्शन को बेहतर किया और लंच से पहले तक उन्होंने 25 रन बना लिए थे। इन 25 रनों के दौरान रोहित शर्मा ने एक शानदार छक्का भी लगाया। जिसके साथ ही उन्होंने एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली। रोहित शर्मा ने ऑली रॉबिनसन की शॉर्ट गेंद पर अपरकट खेला और गेंद थर्डमैन बाउंड्री के ऊपर से बाउंड्री पार कर गई। इस छक्के के साथ ही रोहित शर्मा भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस मामले में रोहित शर्मा ने कपिल देव को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 61 छक्के मारे हैं। बता दें भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 90 छक्के वीरेंद्र सहवाग के नाम पर दर्ज हैं। रोहित शर्मा से आगे अब एमएस धोनी और सचिन तेंदुलकर हैं। धोनी ने 78 टेस्ट छक्के जड़े हैं और सचिन के नाम 69 छक्के हैं। बता दें टीम इंडिया को लीड्स में रोहित शर्मा की बहुत जरूरत है। भारतीय टीम पहली पारी में महज 78 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद इंग्लैंड ने पहली पारी में 355 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। अब टीम इंडिया की हार को रोकने के लिए रोहित शर्मा से बड़े शतक की उम्मीद है। मौजूदा सीरीज में रोहित शर्मा अच्छी फॉर्म में भी दिखाई दे रहे हैं। रोहित ने लॉर्ड्स टेस्ट में 83 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। अब लीड्स टेस्ट बचाने के लिए रोहित शर्मा को विदेशी धरती पर अपना पहला शतक जड़ना होगा।

## कोरोना के कारण ओलंपिक आयोजन से जुड़ी अनिश्चितता पर नहीं, मेरा ध्यान सिर्फ तैयारी पर थाः दहिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले भारतीय पहलवान रवि दाहिया ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण खेलों के आयोजन से जुड़ी अनिश्चितता के बारे में सोचने की जगह उन्होंने अपना पूरा ध्यान अपनी तैयारी पर लगा रखा था। भारतीय कुश्ती महासंघ और टाटा मोटर्स के प्रायोजन करार के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जब रवि से लॉकडाउन के दौरान तैयारियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान मैं 15-20 पहलवानों के साथ अखाड़े में ही था और जब अभ्यास की अनुमति मिली तो मैं ओलंपिक के बारे में सोचे बिना अपनी तैयारी कर रहा था। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में बस यही था कि अगर यह ओलंपिक (टोक्यो) नहीं भी होगा तो अगला ओलंपिक आयेगा और उससे पहले कई प्रतियोगिताओं में भाग लेना होगा। यह मेरा पहला ओलंपिक था इसलिए मैं इसके बारे में ज्यादा चिंतित नहीं था। कोविड-19 के कारण एक साल के लिए स्थगित होने के बाद ओलंपिक का आयोजन जुलाई-अगस्त 2021 में हुआ। रवि ने इन खेलों में 57 किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल वर्ग में इतिहास में रचते हुए रजत पदक अपने नाम किया था। ऐसा करने वाले वह देश के दूसरे पहलवान हैं। कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग पूनिया ने कहा चोट के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है, लेकिन वह आगे मजबूती से वापसी करेंगे। बजरंग ने कहा प्रतियोगिता के दौरान चोटिल होना काफी नुकसानदायक होता है। मैं ओलंपिक से पहले चोटिल हो गया था, जिसका खामियाजा मुझे भुगतना पड़ा। चोट के बाद भी मैंने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। चिकित्सकों ने उन्हें फिलहाल आराम करने की



सलाह दी है। ओलंपिक से पहले मै चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाया लेकिन अब खुद को ठीक करने की कोशिश कर रहा हूं। यहां आने के बाद मैंने चिकित्सकों से परामर्श लिया है, जिन्होंने मुझे आराम करने की सलाह दी है। दूसरी बार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि कुश्ती के खिलाड़ियों के लिए चोट से उबरना मैट पर मुकाबला करने जैसा ही होता है। उन्होंने कहा कि चोट लगने पर सबसे जरूरी बात है धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखा जाए। इस समय दिमाग में कई तरह के नकारात्मक विचार आते हैं। इस समय डाइट (पोषण) का ध्यान उसी तरह से रखना होता होता है, जैसा की प्रतियोगिता के दौरान होता है। इस दौरान मानसिक तौर पर आपको वैसे ही रहना होता है जैसे की आप मैट (प्रतियोगिता के समय) पर उतरने के दौरान होते है। वह अब टोक्यो के प्रदर्शन पर निराश होने की जगह आगे के अपने खेल पर ध्यान दे रही है। यह मेरा दूसरा ओलंपिक था। अपने पहले ओलंपिक में मैं चोटिल हो गई थी। अब मुझे हार का सामना करना पड़ा और मैं इसे स्वीकार करती हूं। मैं आगामी प्रतियोगिताओं से पहले कमजोरियों पर काम करूंगी। सीनियर स्तर पर हमारे पास हार पर शोक करने के लिए समय नहीं होता है, क्योंकि अगला ओलंपिक आ रहा है और इस से पहले कई प्रतियोगिताएं हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष पर पहुंचना एक बात है लेकिन शीर्ष पर बने रहना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। डब्ल्यूएफआई ने टोक्यो में अनुशासनहीनता के लिए निलंबित कर दिया था, लेकिन बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस कार्यक्रम में रवि, बजरंग और विनेश के अलावा टोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली युवा पहलवान अंशु मलिक, सोनम मलिक और सीमा बिस्ला भी मौजूद थी। युवा पहलवान अंशु मलिक ने बड़ी प्रतियोगिताओं के दौरान मनोचिकित्सक की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई बार बड़े मंच पर जाकर खिलाड़ी नर्वस हो जाते है और वहां पर अगर हम मनोचिकित्सक से बात कर सके तो वह हमारे लिए अच्छा रहेगा। यह हमारी करियर की शुरूआत है और मुझे लगता है कि इस चीज पर काम हो अच्छा होगा। बड़े स्तर पर मानसिक तौर पर बेहतर तैयारी की जरूरत होती है। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि महासंघ कोशिश करेगा कि प्रतियोगिता के दौरान कुश्ती टीम के साथ एक या दो मनोचिकित्सक मौजूद रहें ताकि जरूरत पड़ने पर खिलाड़ी उनसे मदद ले सके।